RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 03 | ISSUE 358 | THURSDAY DATE 15-01-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ

विक्रेताओं से बने, क्या प्यारे संबंध।
तभी प्लास्टिक डोर पर, नहीं सख्त प्रतिबंध।
नहीं सख्त प्रतिबंध, बिक रही खुल्लम खुल्ला।
वाट्सएप पर कहें, मिले घर बैठे गुल्ला।
कह साहिल कविराय, बचे खुद जनता सारी।
बिल्कुल भी है नहीं, हमारी ज़िम्मेदारी।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

## संक्षिप्त खबरें



### उत्तरायण 2002 की यादें : जब नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत से उड़ाई पतंग

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जनवरी।** देश में मकर संक्रांति के अवसर पर पतंग उड़ाने की एक परंपरा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस परंपरा का अक्सर हिस्सा बन चुके हैं। पहली बार मुख्यमंत्री बनने के बाद भी नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद के आसमान में पतंग उड़ाई थी। बुधवार को ह्यमोदी आर्काइव ने प्रधानमंत्री मोदी के उस खास पल को शेयर किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स अकाउंट मोदी आर्काइव पर किए गए पोस्ट में लिखा गया, नरेंद्र मोदी के लिए आसमान कभी सीमित नहीं रहा। उत्तरायण 2002 की यादें, एक नए मुख्यमंत्री (नरेंद्र मोदी) अहमदाबाद में एक छत पर स्थानीय परिवारों के साथ मकर संक्रांति मना रहे हैं। तत्कालीन मुख्यमंत्री मोदी के नेतृत्व में गुजरात का पतंगोत्सव एक स्थानीय उत्सव से एक ग्लोबल इवेंट बन गया। मोदी आर्काइव ने एक वीडियो भी शेयर किया है।

### एनआईए कोर्ट ने आसिया अंद्राबी को दोषी ठहराया, 17 जनवरी को सुनाएगी सजा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जनवरी।** दिल्ली की एनआईए कोर्ट ने बुधवार को कश्मीरी अलगाववादी नेता आसिया अंद्राबी और उनकी दो सहयोगियों को दोषी ठहराया है। इन तीनों पर देश के खिलाफ साजिश रचने और आतंकी संगठन चलाने के आरोप लगाए गए थे। अब 17 जनवरी को कोर्ट सजा पर फैसला सुनाएगा। अदालत ने बताया कि आसिया अंद्राबी के साथ उसकी सहयोगी सोफी फहमिदा और नाहिदा नसरीन ने देश के खिलाफ साजिश रची और आतंकवादी संगठन की सदस्यता ली।

## राघव चड्ढा ने 10 मिनट डिलीवरी का वीडियो पोस्ट कर कहा- खुद प्रेशर, रिस्क और चुनौतियों को देखा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जनवरी।** केंद्र सरकार ने गिग वर्कर्स को बड़ी राहत देते हुए 10 मिनट डिलीवरी से समय की बाध्यता को हटाने की सलाह दी है। आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने इसके लिए केंद्र सरकार का आभार भी जताया था। वहीं, उन्होंने फिर से सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। सांसद राघव चड्ढा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वे कुछ गिग वर्कर्स से बात कर रहे हैं और उनकी परेशानी समझ रहे हैं। इसके साथ ही, वे रात को खुद गिग वर्कर बनकर



लोगों के घर सामान डिलीवरी करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में उन्होंने कहा कि कंपनियों ने अपने कपड़े में ही लिख लिया है कि आप लोगों के पास सामान 10 मिनट में पहुंच जाएगा। मैंने एक दिन डिलीवरी पार्टनर के तौर पर बिताया और 10 मिनट डिलीवरी के वादे से होने वाले प्रेशर, रिस्क और चुनौतियों को खुद देखा। पोस्ट किए गए वीडियो में देखा जा सकता है कि चड्ढा ब्लिंकिट की यूनिफॉर्म पहनते हैं, पीठ पर डिलीवरी बैग टांगते हैं और एक दूसरे ब्लिंकिट राइडर के साथ स्कूटर पर निकल पड़ते हैं।

# दिल्ली सरकार 81 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का उद्घाटन करेंगे



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जनवरी।**

### आयुष्मान भारत योजना के तहत दिल्ली में 6 लाख से अधिक नागरिक पंजीकृत: सीएम रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को मकर संक्रांति के पावन अवसर पर हरि नगर विधानसभा से 81 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर दिल्लीवासियों को समर्पित किए। इन नए केंद्रों के शुभारंभ के साथ दिल्ली में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की कुल संख्या बढ़कर 319 हो गई है। यह दिल्ली की प्रत्येक विधानसभा में 15 और पूरी दिल्ली में कुल 1100 आयुष्मान आरोग्य केंद्र खोलने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

सीएम रेखा गुप्ता ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर में उपलब्ध विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार से निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी कक्ष, लैब, दवा वितरण काउंटर, वैक्सीनेशन यूनिट और जच्चा-बच्चा देखभाल केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की गुणवत्ता और कार्यप्रणाली की जानकारी ली।

दिल्ली सरकार बुधवार को 81 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का उद्घाटन करेगी, जो इस कार्यक्रम के विस्तार का पांचवां चरण होगा और इससे राजधानी में मोहल्ला स्तर पर प्राइमरी हेल्थकेयर को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह ने मंगलवार को कहा कि इस पहल से निवासियों के लिए सुलभ और निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को काफी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस विस्तार के साथ, राष्ट्रीय राजधानी में कुल केंद्रों की संख्या बढ़कर 319 हो जाएगी।

उन्होंने कहा, इस बढ़ोतरी के साथ, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी के लॉन्ग-टर्म प्राइमरी हेल्थकेयर रोडमैप के तहत परिकल्पित 1,100 से ज्यादा आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रही है। मंत्री सिंह ने आगे कहा, अभी 238 आयुष्मान आरोग्य मंदिर चालू हैं। बुधवार के उद्घाटन के बाद, राष्ट्रीय राजधानी में चालू केंद्रों की कुल संख्या बढ़कर 319 हो जाएगी।

## सरकार ने शुरू कर दी है अरावली ग्रीन वॉल परियोजना : यादव

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जनवरी।**

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा है कि सरकार ने संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोकथाम (यूएनसीसीडी)) सम्मेलन के तहत भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए अरावली ग्रीन वॉल परियोजना शुरू की है। श्री यादव ने बुधवार को यहां कहा कि इस पहल के



तहत, अरावली क्षेत्र में बेकार भूमि की पहचान की गई है। इस काम में 29 अरावली जिलों के प्रभागीय वन अधिकारी शुष्क और अर्ध-शुष्क परिस्थितियों के अनुकूल देशी प्रजातियों के वृक्षारोपण परियोजना को कार्यान्वित कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर बुधवार को एक पोस्ट में कहा आज दिल्ली में संकला फाउंडेशन द्वारा आयोजित अरावली परिदृश्य के पारिस्थितिक पुनर्स्थापन पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।

### भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के आवास में लगी आग, समय रहते पाया काबू

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जनवरी।** नई दिल्ली में बुधवार सुबह भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के आधिकारिक आवास पर आग लग गई। अधिकारियों के मुताबिक, आग सुबह करीब 8:00 बजे घर के एक बेडरूम में लगी। अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलने पर दिल्ली फायर सर्विस की तीन टीमें मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने की वजह पता नहीं चली है। अधिकारी जांच कर रहे हैं और जानकारी का इंतजार है। लोकसभा में पटना साहिब निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले रवि शंकर प्रसाद 2016 से 2019 तक और 2019 से 2021 तक इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी के पहले मंत्री के रूप में कार्य कर चुके हैं।



### अमृतसर के सरकारी स्कूल में बम की धमकी, इलाके में दहशत

**अमृतसर, यूटर्न/ 14 जनवरी।** पंजाब के अमृतसर जिले में एक सरकारी स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से इलाके में दहशत फैल गई है। गांव मेहरबानपुरा स्थित सरकारी स्कूल के आधिकारिक ई-मेल पर धमकी भरा संदेश प्राप्त हुआ, जिसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी। धमकी वाले ई-मेल में स्कूल को बम से उड़ाने की चेतावनी दी गई है। ई-मेल में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि स्कूल में राष्ट्रगान गाना बंद किया जाए, अन्यथा गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। इस धमकी ने स्कूल प्रशासन और आसपास के लोगों में खलबली मचा दी। यह घटना ऐसे समय हुई है, जब स्कूल में बच्चों की संख्या सामान्य से कम थी, जिससे स्थिति को संभालना थोड़ा आसान रहा।

## थाईलैंड में ट्रेन पर क्रेन गिरने से कई कोच पटरी से उतर गए, 22 की मौत और 55 से ज्यादा घायल

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जनवरी।**

बैंकॉक से थाईलैंड के उत्तर-पूर्वी इलाके में जा रही एक पैसेंजर ट्रेन में बुधवार को एक बड़ा हादसा हो गया। एक कंस्ट्रक्शन क्रेन ट्रेन के एक कोच पर गिर गई। थाई पुलिस अधिकारियों की ओर से साझा जानकारी के अनुसार, इस हादसे में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई और 55 से ज्यादा लोग घायल हो गए।

यह घटना सुबह करीब 9:05 बजे नाखोन रत्चासिमा प्रांत के सिखियो जिले में हुई। जिस जगह पर यह घटना घटी, वह थाई राजधानी से करीब 230 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में है। जब यह हादसा हुआ, तब ट्रेन उबोन रत्चाथानी प्रांत जा रही थी।

शुरुआती जानकारी के अनुसार क्रेन का इस्तेमाल मौजूदा रेल लाइन के पैरेलल चल रहे एक हाई-स्पीड रेलवे प्रोजेक्ट के कंस्ट्रक्शन साइट पर किया जा रहा था। जब ट्रेन उस इलाके



से गुजर रही थी, तो क्रेन का बैलेंस बिगड़ गया और वह गिरकर एक चलती हुई ट्रेन की बोगी से टकरा गई। क्रेन के टकराने के बाद ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए। इसके अलावा ट्रेन के कुछ हिस्सों में आग लग गई, जो बाद में बुझ गई लेकिन इससे मौके पर और अफरा-तफरी मच गई। सोशल मीडिया पर घटना की कई वीडियो सामने आई हैं। उनमें देखा जा सकता है कि ट्रेन को बहुत नुकसान हुआ। रेस्क्यू टीम के लोग पटरी से उतरे डिब्बों के अंदर फंसे यात्रियों तक पहुंचने के लिए मुड़े हुए मेटल को काट रहे थे।

## ऑपरेशन पवन में शामिल रहे शांति सैनिकों के योगदान को मान्यता : राजनाथ सिंह

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जनवरी।**

ऑपरेशन पवन में भारतीय सेनाओं ने अद्भुत साहस, शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया। कई सैनिकों ने कर्तव्य की राह पर चलते हुए वीरगति प्राप्त की। उनका साहस और बलिदान हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा होनी ही चाहिए। बुधवार को सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह बात कही। भारतीय सेना के कई वीर जवानों ने वर्ष 1987 से 1990 के बीच श्रीलंका में शांति, स्थिरता और क्षेत्रीय सद्भाव बनाए रखने के लिए चलाए गए ऑपरेशन पवन में सर्वोच्च बलिदान दिया था। सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के मौके पर राजनाथ सिंह ने कहा, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार ऑपरेशन पवन



में भाग लेने वाले शांति सैनिकों के योगदान को न केवल खुले मन से स्वीकार कर रही है, बल्कि उनके योगदान को हर स्तर पर मान्यता देने की प्रक्रिया भी चल रही है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जब 2015 में अपनी श्रीलंका यात्रा पर गए थे, तो उन्होंने इंडियन पीस कीपिंग फोर्स मेमोरियल पर अपनी तरफ से भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की थी। अब हम नई दिल्ली स्थित नेशनल वॉर मेमोरियल पर भी इंडियन पीस कीपिंग फोर्स के शांति सैनिकों के योगदान को पहचान प्रदान कर रहे हैं और उन्हें पूरा सम्मान भी दे रहे हैं। राजनाथ सिंह ने कहा, मैं आज से लगभग 40 साल पहले इंडियन पीस कीपिंग फोर्स के रूप में श्रीलंका में शांति स्थापना के लिए चलाए गए सैन्य अभियान में भाग लेने वाले सभी पूर्व सैनिकों का भी स्मरण करना चाहता हूं।

### सूमाया समूह धोखाधड़ी मामले में ईडी ने 35 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जनवरी।** प्रर्वतन निदेशालय (ईडी) के मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय ने बुधवार को सूमाया समूह और अन्य से जुड़े एक मामले में 35.22 करोड़ रुपये मूल्य की चल और अचल संपत्तियों की कुर्की की घोषणा की। इन संपत्तियों में बैंक बैलेंस, डीमैट होल्डिंग्स और म्यूचुअल फंड जैसी चल संपत्तियाँ तथा दो अचल संपत्तियाँ शामिल हैं। ईडी ने यह जांच धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत शुरू की थी, जो वर्ली पुलिस थाने द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर की गई।

## फटाफट खबरें

### संदिग्ध हालात में युवक की मौत, किया प्रदर्शन

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 14 जनवरी।** शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र के विक्रम एन्क्लेव निवासी सचिन भाटी (22) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। चार अज्ञात लोग 12 जनवरी की शाम करीब छह बजे उसे बेहोशी की हालत में घर के बाहर फेंककर भाग गए। परिवार वाले निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। 13 जनवरी पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराया, लेकिन परिवार वालों ने प्राथमिकी दर्ज न होने पर दाह संस्कार करने से इन्कार किया है। थाने पर शव रखकर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। विक्रम एन्क्लेव निवासी राजकुमार ने बताया कि उनका भतीजा सचिन पान-बीड़ी की दुकान चलाता है। 12 जनवरी की दोपहर करीब एक बजे वह अपने दोस्त बंटी के साथ उन्हें दिलशाद गार्डन मेट्रो स्टेशन पर मिला था। पूछने पर उसने बताया कि वह दिल्ली स्थित मानसरोवर घूमने जा रहा है। इसके बाद शाम करीब चार बजे शालीमार गार्डन निवासी शिवा ने उसे सीमापुरी डिपो पर देखा था। बताया कि शाम करीब छह बजे सीमापुरी का ही रहने वाला एक व्यक्ति ऑटो रिक्शा से कुछ लोगों के साथ पहुंचा और बेहोशी की हालत में सचिन को घर के बाहर फेंककर भाग गया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। आरोप है कि पुलिस ने पोस्टमॉर्टम तो कराया, लेकिन उनकी दी हुई तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज नहीं की। 13 जनवरी को जब शव मोर्चरी से घर पहुंचा तब कोहराम मच गया। राजकुमार व परिवार के अन्य सदस्यों ने प्राथमिकी दर्ज न होने तक दाह संस्कार न करने और थाने पर प्रदर्शन की चेतावनी दे डाली।

### गोवा घूमने गई पत्नी की नाव समुद्र में पलटवाई

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 14 जनवरी।** बालाजी एन्क्लेव में रहने वाली ऐश्वर्या ने परामर्श केंद्र पर अपने पति की करतूत उजागर की। काउंसलिंग के दौरान ऐश्वर्या ने बताया कि शादी के बाद वह हनीमून के लिए गोवा घूमने अपने पति के साथ गईं। आरोप है कि पति ने उन्हें अकेले ही एक प्रर्यटक नाव में बैठाकर समुद्र में रवाना कर दिया। पति के साज पर नाविक ने समुद्र में वोट पलट दी। आसपास के लोगों और गोताखोरों ने उसकी जान बचाई। इसके बाद से पति उनकी जान के पीछे पड़ा है। पीड़िता ने अन्य गंभीर आरोप लगाकर पति, ससुर और सास के खिलाफ महिला थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। एसीपी महिला थाना सलोनी अग्रवाल ने बताया कि पीड़िता ऐश्वर्या के मुताबिक उनका विवाह नवंबर 2022 में महमूर गंज वाराणसी निवासी आयुष भटनागर के साथ हुआ था। शादी में उसके पिता ने लगभग 45 लाख रुपये खर्च किए, इसमें गहने, घरेलू सामान, कपड़े और नगदी शामिल थी। इसके बावजूद ससुराल पक्ष शादी के तुरंत बाद से ही कार न मिलने को लेकर ताने देने लगा। आरोप है कि पति ने शादी के अगले ही दिन अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया और उनके चरित्र पर सवाल उठाए। सबसे गंभीर घटनाक्रम हनीमून के दौरान गोवा में सामने आया। पीड़िता का कहना है कि पति उन्हें अकेले एक पर्यटक नाव में बैठाकर अलग हो गया और साजिश के तहत नाव पलटवा दी। नाव के पलटते ही वह समुद्र में डूबने लगी। मौके पर मौजूद अन्य पर्यटकों और स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें बाहर निकाला, इससे उनकी जान बच सकी। पीड़िता का आरोप है कि यह हादसा नहीं, बल्कि उन्हें मारने की साजिश थी। ऐश्वर्या के मुताबिक गोवा से लौटने के बाद भी हालात नहीं बदले। ससुराल वालों ने फिर कार की मांग दोहराई और विरोध करने पर मारपीट व गाली-गलौज की गई।

## दिल्ली में 81 आरोग्य मंदिर का उद्घाटन आम नागरिकों के लिए एक सशक्त कदम : कमलजीत

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जनवरी।**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को 81 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन किया इस पर भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत ने कहा कि आरोग्य मंदिर आम नागरिकों के लिए काफी फायदेमंद साबित होने वाली है। भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, हरिनगर से दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने वर्चुअल माध्यम से 81 आरोग्य मंदिरों का भव्य लोकार्पण किया। इसी जनकल्याणकारी पहल के अंतर्गत मटियाला विधानसभा के द्वारका सेक्टर-16 में आरोग्य मंदिर का लोकार्पण किया गया है। इस अवसर पर विधायक संदीप सहरावत एवं निगम पार्षद रामनिवास गहलोत उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि आरोग्य मंदिर आम नागरिकों को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक सशक्त कदम है। यह पहल



स्वस्थ दिल्ली और सशक्त समाज के निर्माण की मजबूत नींव रखती है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के इस लोकहितकारी प्रयास के लिए हार्दिक आभार। स्वस्थ दिल्ली, सशक्त दिल्ली। वहीं, मंगलवार को दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह ने कहा था कि इस पहल से निवासियों के लिए सुलभ और निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को काफी मजबूती मिलेगी। इस विस्तार के साथ, राष्ट्रीय राजधानी में कुल केंद्रों की संख्या बढ़कर 319 हो जाएगी। मंत्री सिंह ने आगे कहा, अभी 238 आयुष्मान आरोग्य मंदिर चालू हैं। उद्घाटन के बाद, दिल्ली में चालू केंद्रों की कुल संख्या बढ़कर 319 हो जाएगी। ये केंद्र दिल्ली सरकार के हर घर के पास मुफ्त, सुलभ और सम्मानजनक प्राइमरी हेल्थकेयर देने के मिशन में एक बड़ा कदम हैं। यह पहल मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में ह्यसभी के लिए स्वास्थ्य सेवा के राष्ट्रीय विजन के तहत लागू की जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि हर आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मुफ्त डॉक्टर कंसल्टेशन, जरूरी दवाएं और डायग्नोस्टिक टेस्ट के साथ-साथ डायबिटीज, हाइपरटेंशन, कैंसर की स्क्रीनिंग, मां और बच्चे की स्वास्थ्य देखभाल, टीकाकरण सहायता, ग्रोथ मॉनिटरिंग, लाइफस्टाइल काउंसलिंग, मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं और योग और पोषण मार्गदर्शन जैसे निवारक स्वास्थ्य कार्यक्रम भी मिलेंगे।

## अरशद मदनी की टिप्पणी पर मुख्तार अब्बास नकवी का तीखा पलटवार

### राहुल गांधी और ममता बनर्जी पर भी साधा निशाना

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जनवरी।**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी की टिप्पणी पर तीखा पलटवार किया है। मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि जिन लोगों ने देश में सांप्रदायिकता के जरिए एक बड़े वर्ग के अधिकारों को बंधक बनाने की कोशिश की, सांप्रदायिक छल से संवैधानिक, समावेशी और धर्मनिरपेक्षता के बल को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की, वे आज ज्ञान बांट रहे हैं।

दरअसल, अरशद मदनी ने अपने एक बयान में कांग्रेस की सांप्रदायिकता के खिलाफ नीति पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी की हत्या के बाद अगर सांप्रदायिकता का सिर सख्ती से कुचल दिया जाता तो देश तबाह होने से बच



जाता। मदनी ने यह भी कहा कि अगर कांग्रेस ने 77 साल पहले सांप्रदायिकता के खिलाफ यही कड़ा रुख अपनाया होता, तो वह सत्ता से बाहर नहीं होती और देश बर्बादी के कगार पर नहीं पहुंचता।

मदनी की टिप्पणी के बाद मुख्तार अब्बास नकवी ने करारा जवाब दिया। उन्होंने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा, ह्रकुछ लोग सांप्रदायिकता के ह्यगुरूह्व हैं। अब वह धर्मनिरपेक्षता के ह्यगुरुह्व बनने की कोशिश में जुटे हैं। लेकिन सांप्रदायिकता के सूरमा अगर धर्मनिरपेक्षता का संदेश देंगे तो इसी तरह की बातें सुनाई पड़ेंगी। मुख्तार अब्बास नकवी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की चीन के विषय पर हालिया टिप्पणी को लेकर भी पलटवार किया। भाजपा नेता ने कहा कि राहुल गांधी के ऐसे बयान ही कांग्रेस का बंटाधार कर रहे हैं। निराशा और कड़वाहट में फंसे कांग्रेस नेता आज ऐसी स्थिति में हैं कि वे न घर के रहे हैं और न ही कहीं और के।

उन्होंने कहा, कांग्रेस नेता की सोच राष्ट्रीय मुद्दों, राष्ट्रीय सुरक्षा के विषयों और आर्थिक स्थिति जैसे मुद्दों पर कबाड़खाने में कैद दिखाई पड़ती है। अपनी निराशा में घिरे नेता ऐसी अधर में लटकी स्थिति में हैं, जहां उनके पास जाने के लिए कोई जगह नहीं है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के एसआईआर पर आरोपों को लेकर मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा, पश्चिम बंगाल के लोगों और जमीन के लिए खून से सने शासन का जाना जरूरी है। इस शासन में पश्चिम बंगाल के लोगों को बहुत नुकसान हुआ है.

## ऑपरेशन सिंदूर में तबाह हुआ नूर खान एयरबेस से अमेरिका करेगा ईरान पर स्ट्राइक

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जनवरी।**

ऑपरेशन सिंदूर में तबाह हुआ पाकिस्तान का नूर खान एयरबेस फिर सुर्खियों में है। लेकिन इस बार वजह कुछ ओर है। यहीं वहां एयरबेस है जिसे पहले भारत की कार्रवाई में गंभीर नुकसान हुआ था और अब इसी ठिकाने से अमेरिका ईरान के खिलाफ मिसाइल या एयर स्ट्राइक चला सकता है। ईरान में जारी राजनीतिक उथल-पुथल, सत्ता पर मंडराते संकट और अमेरिकी आक्रामक रणनीति के बीच यह खबर पूरे मिडिल ईस्ट और साउथ एशिया को एक साथ हिला देने वाली है।

नूर खान एयरबेस सिर्फ पाकिस्तान का सैन्य ठिकाना नहीं, बल्कि उसकी रणनीतिक रीढ़ रहा है। भारत के साथ तनाव के दौर में बेस की भूमिका जगजाहिर है।

## विवेक विहार कॉलोनी और मिथिला नगर में चल रही अवैध प्लॉटिंग पर चला बुलडोजर

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 14 जनवरी।** जोन आठ के विवेक विहार और मिथिला कॉलोनी में 70 बीघे में बसाई जा रही अवैध कॉलोनी पर मंगलवार को जीडीए का बुलडोजर चला। कार्रवाई के दौरान अवैध विकासकताओं में अफरा-तफरी का माहौल रहा। स्थानीय स्तर पर विरोध भी किया गया लेकिन पुलिस-प्रशासन की मदद से जीडीए की टीम ने कार्रवाई को अंजाम तक पहुंचाया।

जीडीए सचिव विवेक कुमार मिश्र ने बताया कि शिकायत मिली थी कि जोन आठ में राधा स्वामी सत्संग भवन के सामने चिरौड़ी रोड पर अवैध रूप प्लॉटिंग की जा रही है। बिना जीडीए से मानचित्र स्वीकृत कराए विकासकर्ता प्लॉटिंग कर रहे हैं। मौके पर टीम भेजकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कराया गया। चिरौड़ी रोड पर लगभग 70 बीघा क्षेत्रफल में विकसित की जा रही अनाधिकृत कॉलोनी में लगभग 100 भूखंडों की बाउंड्रीवाल, विकासकर्ता का साइट ऑफिस व सड़कों आदि पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। खास बात यह है कि दोनों सोसायटी जिन लोगों द्वारा विकसित की जा रही थीं उनके पास भूमि का वास्तविक स्वामित्व नहीं पाया गया।

## सौतेली मां की पिटाई से बच्ची के सीने की तीन हड्डियां टूटीं

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 14 जनवरी।**

कीचड़ से कपड़े गंदे होने जैसी मामूली बात पर सौतेली मां ने छह वर्षीय शिफा को बेहरमी से पीटा। इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ है। एसपी वेव सिटी प्रिया श्रीपाल के अनुसार, चिकित्सकों को बच्ची के शरीर पर डंडे से हुई पिटाई के 13 निशान मिले। उसके सीने की तीन हड्डियां टूट गई थीं। सिर की नसें भी फट गई थीं। इस कारण अंदरूनी अंगों में रक्तस्राव होने से उसकी मौत की पुष्टि हुई है।



शिफा के नाना जहीर अहमद ने उसके पिता अकरम और सौतेली मां निशा परवीन के खिलाफ हत्या का आरोप लगाकर तहरीर दी है। पुलिस ने आरोपी माता-पिता को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त डंडा बरामद कर लिया है।

एसपी के अनुसार, जहीर अहमद ने तहरीर में बताया कि उन्होंने आठ वर्ष पूर्व बेटी तराना उर्फ गुलजार की शादी डासना कस्बा के मोहल्ला बाजीगिरान निवासी अकरम से की थी। तराना की तीन वर्ष पूर्व आग से झुलसकर मौत हो गई थी। तराना से अकरम के तीन बच्चे हुए। इनमें दो बेटियां फिजा (7) व शिफा (6) थीं, जबकि सबसे छोटा बेटा आहिल (5) है।

अकरम ने पहली पत्नी की मौत के बाद दो वर्ष पहले मेरठ के किठौर निवासी निशा से शादी कर ली। निशा इन बच्चों के साथ शुरूआत से मारपीट करने लगी। जहीर का आरोप है कि रविवार तड़के तीन बजे अकरम ने उनकी नाहल निवासी बेटी तरन्नुम को फोन करके बताया कि शिफा की मृत्यु हो गई है। उसने इसकी जानकारी पिता को दी। इस पर जहीर अपने बेटों मुजम्मिल, महताब व साथ ही अन्य रिश्तेदारों को लेकर अकरम के घर पहुंचे। वहां देखा कि बच्ची को एक लकड़ी के तख्त पर लिटाकर कपड़े से शरीर को ढक रखा था। बच्ची के शरीर पर चोटों के निशान देखकर उन्होंने अकरम से इस बारे में पूछा तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया और मौका पाकर पत्नी निशा को लेकर भाग गया।

## शहर के 31 पार्कों की चारदीवारी पर 2.11 करोड़ खर्च करेगा नगर निगम

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 14 जनवरी।**

शहर के पार्कों को सुरक्षित बनाने के लिए नगर निगम की ओर से कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इससे शहर के 31 पार्कों में चहारदीवारी के निर्माण, मरम्मत, ऊंचाई बढ़ाने और प्लास्टर ग्रिल लगाने पर करीब 2.11 करोड़ रुपये खर्च करेगा। इस पहल से न सिर्फ पार्कों की सुरक्षा मजबूत होगी, बल्कि लंबे समय से उपेक्षित पड़े ग्रीन एरिया को संवारने का रास्ता भी खुलेगा।

उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज सिंह ने बताया कि 31 पार्कों में कहीं नई बाउंड्री वाल बनाई जाएगी तो कहीं पुरानी दीवारों की मरम्मत कर उन्हें ऊंचा किया जाएगा। कई स्थानों पर दीवारों पर प्लास्टर और ग्रिल लगाने का भी प्रस्ताव है। नगर निगम ने



इन सभी कार्यों की कुल अनुमानित लागत 2 करोड़ 11 लाख 32 हजार 28 रुपये तय की है। विजयनगर, वसुंधरा और मोहननगर जोन में सबसे अधिक पार्क शामिल किए गए हैं। इन इलाकों के कई पार्कों में चहारदीवारी नहीं होने के कारण असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता था। मवेशियों की आवाजाही और कचरा फेंके जाने से न तो हरियाली विकसित हो पा रही थी और न ही लोग इन पार्कों का सही इस्तेमाल कर पा रहे थे। कुछ स्थानों पर अतिक्रमण का खतरा भी लगातार बना हुआ था।

नगर निगम का मानना है कि चहादीवारी बनने के बाद पार्कों में सुरक्षा बढ़ेगी और बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए यह स्थान ज्यादा सुरक्षित और सुलभ होगा। साथ ही पौधरोपण और ग्रीनरी विकसित करने में भी आसानी होगी। निगम अधिकारियों का कहना है कि अधिकांश कार्यों को एक माह की अवधि में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है ताकि जल्द से जल्द पार्कों की तस्वीर बदली जा सके। नगर निगम के उद्यान अधिकारी डॉ. अनुज ने बताया कि इन कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी की जा रही है। टेंडर फाइनल होने के बाद सभी जगह एक साथ काम शुरू कराया जाएगा।

वसुंधरा जोनः सेक्टर-05 का 78 मीटर वाला पार्क, सेक्टर-03 म.नं-03/128 के सामने पार्क, वैशाली सेक्टर-05 में 5/868 के सामने पार्क, 05/156 के सामने मंदिर वाला पार्क, सेक्टर-4 लिंक रोड पर नर्सरी के पीछे वाला पार्क, सेक्टर-05 स्थित उत्सव पार्क, वार्ड-74 में 15/942, 15/166, 15/15, 15/265 और 15/121 के सामने स्थित पार्क।

सिटी जोनः मक्की मस्जिद के पास स्थित पार्क, सिब्बनपुरा महर्षि कश्यप पार्क, कृष्णा कुंज बी-33 के सामने पार्क के पीछे का हिस्सा, डिफेंस कॉलोनी ए-ब्लॉक तिकोना पार्क।

## लोहड़ी के शुभ अवसर पर पानीपत में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर

# 100 से अधिक मरीजों को मिला लाभ

» राजेश सलूजा





हरियाणा, यूटर्न/ 14 जनवरी। चंडीगढ़ स्थित डॉ. बख्शी गुप्ता आई केयर सेंटर के सहयोग से होप आई केयर क्लिनिक द्वारा होप हॉस्पिटल परिसर, पानीपत में लोहड़ी के पावन अवसर पर निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 13 जनवरी को लगाया गया, जिसमें क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

निःशुल्क नेत्र जांच शिविर के दौरान 100 से अधिक मरीजों की आंखों की जांच की गई। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. कविता काइला एवं डॉ. नीरज गुप्ता ने मरीजों की विस्तृत जांच की। इस दौरान जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क चश्मे का नंबर भी बताया गया। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. अजय जगलान (होप हॉस्पिटल) का विशेष सहयोग रहा। शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद और आमजन को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण नेत्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था।

आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर समाज के हर वर्ग के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं। स्थानीय नागरिकों ने इस सराहनीय पहल के लिए आयोजन से जुड़े सभी चिकित्सकों एवं स्टाफ का आभार व्यक्त किया। यह निःशुल्क नेत्र जांच शिविर होप आई केयर क्लिनिक, हुडा सेक्टर-18, पानीपत में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# आरोग्य मंदिर दिल्ली की बदलती हुई सरकार और स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है : सूद

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जनवरी।



दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बुधवार को कहा कि आरोग्य मंदिर दिल्ली की बदलती हुई सरकार और स्वास्थ्य के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

श्री सूद ने आज यहां जनकपुरी सी-2 ब्लॉक में नए आरोग्य मंदिर का शुभारंभ किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस आरोग्य मंदिर में स्थानीय नागरिकों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएँ निःशुल्क उपलब्ध होंगी।

यहां अब शुगर, हीमोग्लोबिन सहित कुल 13 प्रकार की जांच निःशुल्क की जा रही हैं।

इसके साथ ही 108 आवश्यक दवाइयाँ मुफ्त उपलब्ध कराई जा रही हैं। पहले जहाँ टीकाकरण केवल बच्चों और गर्भवती महिलाओं तक सीमित था, अब हर नागरिक के लिए मुफ्त टीकाकरण सुविधा भी उपलब्ध होगी। यह प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक बिना लंच ब्रेक के खुला रहेगा ताकि लोगों को लगातार सेवाएँ मिल सकें। श्री सूद ने कहा कि प्रिवेंशन इज बेटर दैन क्योर की भावना के तहत अब छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज के लिए जनकपुरी के निवासियों को बड़े अस्पतालों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

सरकार दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल को भी पूर्ण रूप से सुसज्जित सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बनाने की दिशा में कार्य कर रही है।

उन्होंने बताया कि जनकपुरी, सी-ब्लॉक, ए-ब्लॉक, सी-4 ए, सी-4 बी, सी-4 सी, सी-4 डी, जी-एच सहित आसपास के क्षेत्रों में भी लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नए आरोग्य मंदिरों का निर्माण किया जा रहा है। आने वाले समय में महावीर एनक्लेव, मिलाप नगर और अन्य क्षेत्रों में भी इसी तरह की सुविधाएँ शुरू की जाएँगी।

# राहुल गांधी अस्मिता के नाम पर भड़काऊ बयानबाजी और बांटने की राजनीति बंद करें : भाजपा प्रवक्ता

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जनवरी।




लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की तमिलनाडु यात्रा पर भारतीय जनता पार्टी हमलावर है। बुधवार को भाजपा प्रवक्ता गुरु प्रकाश पासवान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके राहुल गांधी पर निशाना साधा।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरु प्रकाश पासवान ने कहा, राहुल गांधी अभी तमिलनाडु की राजनीतिक यात्रा पर थे। उन्होंने एक बेहद ही शर्मनाक और पीड़ादायक बयान दिया है, जिसका वास्तविकता, तर्कों और तथ्यों से कोई संबंध नहीं है। राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री तमिल आवाज को दबाने का काम करते हैं। वे राजनीति से इस हद तक प्रेरित होकर ऐसी तर्कहीन और बेबुनियाद बयानबाजी करेंगे, जिसका जवाब देना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा, पिछले 11 वर्षों में इतिहास गवाह है कि जैसी संवेदनशीलता तमिल भाषा और संस्कृति के प्रति पीएम मोदी ने दिखाई है, ऐसा आज से पहले कभी नहीं हुआ। हमारे इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है जब तमिल भाषा, सम्मान और अस्मिता की संवेदनशीलता भारत की सीमाओं में ही नहीं, बल्कि वैश्विक मंचों पर पीएम मोदी ने मजबूती से दिखाई है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा, पीएम मोदी हमेशा इस बात पर जोर देते हैं कि हमें भी तमिल भाषा सीखने की आवश्यकता है। एक भारत, श्रेष्ठ भारत सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि एक कमिटमेंट है। यह हमारी प्रतिबद्धता है। लेकिन देशविरोधी लोग कभी जाति, देश और अस्मिता के नाम पर अपनी राजनीति का प्रस्तुतिकरण करते रहे हैं। उन्होंने राहुल गांधी पर बांटने और तुष्टिकरण की राजनीति करने का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, राहुल गांधी बिहार में जाते हैं, तो जाति के नाम पर उन्माद फैलाने का काम करते हैं। तमिलनाडु में जाते हैं, तो तमिल अस्मिता के नाम पर लोगों को भड़काने का काम करते हैं। वे नकारात्मक राजनीति करते हैं, जिससे उन्हें बचना चाहिए। राहुल गांधी बात-बात पर बांटने की राजनीति करते हैं। उन्हें इससे आगे निकलने की आवश्यकता है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा, एक भारत, श्रेष्ठ भारत की संकल्पना ऐसे नहीं की जा सकती है। वे एक दिन के राजनीतिक पर्यटन पर जाएंगे और ऐसी सतही, हल्की, बेबुनियाद, तर्कहीन और तथ्यहीन बयानबाजी करेंगे।

# कानपुर में पकड़ा गया गर्भवती पत्नी और बच्चे का हत्यारा, घटना के बाद हुआ था फरार

» सुनील बाजपेई




कानपुर। शराब के नशे में गर्भवती पत्नी और ढाई साल के बेटे को बांके से काट कर हत्या करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर आज जेल भेज दिया। घटना बीते रविवार रात 9 बजे घाटमपुर कोतवाली के गोपालपुर के मजरा सदेर्पुर में हुई थी। जिसके बाद आरोपी फरार चल रहा था। उसकी तलाश में तीन पुलिस टीमें लगाई गई थीं। प्राप्त विवरण के मुताबिक सदेर्पुर निवासी सुरेंद्र यादव उर्फ स्वामी (35) ट्रक में खलासी का काम करता था। सुरेंद्र तीन भाइयों में सबसे छोटा था। सभी भाई अलग-अलग रहते हैं। सुरेंद्र की शादी 2021 में फतेहपुर के गौरा चुरियारा निवासी रूबी (32) से हुई थी। भाई पप्पू ने बताया- शराब की लत और रोज-रोज के झगड़े के चलते उसका परिवार बिखर गया। भाइयों में बंटवारा हो गया। डीसीपी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया- शुरूआती जांच में सामने आया था कि बीते रविवार रात करीब 9 बजे सुरेन्द्र शराब पीकर घर पहुंचा। इस पर पत्नी रूबी ने विरोध किया तो दोनों में झगड़ा हो गया। गुस्साए सुरेंद्र ने बांके से पत्नी के गले पर और ढाई साल के बेटे लवांश के सिर पर कई वार कर उनकी हत्या कर दी।

वारदात के बाद मौके से भाग निकला। देर रात भाई पप्पू घर पहुंचा तो दोनों के शव खून से लथपथ पड़े मिले। फिर पप्पू ने ही पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची तो मां-बेटे के शव अगल बगल पड़े थे।

कमरे में खून बिखरा था। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज कर पुलिस फरार होने के चलते उसकी तलाश लगातार कर रही थी।

# संसद और दूसरे सरकारी संस्थानों से नहीं हटेगी सावरकर की तस्वीर

## याचिकाकर्ता पर जुर्माना लगाने की चेतावनी दी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जनवरी।** सुप्रीम कोर्ट ने संसद और दूसरे सरकारी संस्थानों से वी.डी सावरकर की तस्वीरें हटाने की याचिका पर नाराजगी जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने इस तरह की याचिका दायर करने पर जुमार्ना लगाने की चेतावनी दी। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और विपुल पंचोली की बेंच पीआईएल की सुनवाई कर रही थी। याचिका एक रिटायर्ड आईआरएस अधिकारी, बालासुंदरम बालामुरुगन ने दायर की थी। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा कि जब आप इस तरह की बेवजह याचिका दायर करते हैं, तो हम आपकी मानसिकता देख रहे हैं। हम आप पर जुमार्ना लगाएंगे। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा याचिकाकर्ता पीआईएल वापस लेना चाहते या जुर्माना भरना चाहते हैं, जिसके बाद याचिकाकर्ता ने पीआईएल वापस लेने पर सहमति जाहिर की। बता दें कि बालमुरुगन ने अपनी जनहित याचिका में संसद के केंद्रीय कक्ष और अन्य सार्वजनिक स्थानों से सावरकर के चित्रों को हटाने का निर्देश देने का अनुरोध किया था। इसके अलावा याचिका में यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया कि सरकार हत्या या राष्ट्रविरोधी गतिविधियों जैसे जघन्य अपराधों के लिए आरोपित व्यक्तियों को तब तक सम्मानित न करे जब तक कि वे बरी ना हो जाएं।

# श्रमिकों व जरूरतमंदों के हित में विकसित भारत जी राम जी योजना लाई केन्द्र सरकार : रणबीर गंगवा




## हरियाणा में मजदूरी सबसे ज्यादा, हर श्रमिक को मिलेंगे कम से कम 10 हजार ज्यादा

» हरियाणा, यूटर्न/ 14 जनवरी।

राज्य के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है केन्द्र सरकार श्रमिकों व जरूरतमंदों के हित में विकसित भारत जी राम जी योजना लाई है। न केवल काम के दिन बढ़ाए गए हैं बल्कि परिवर्तन करते हुए इसे जरूरतमदों के हित वाली बनाया गया है लेकिन कांग्रेस पार्टी त्थ्यों रहित बात करके दुष्प्रचार कर रही है, जो गलत है। रणबीर गंगवा बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकार वार्ता में विकसित भारत जी राम जी योजना पर अपनी बात रख रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में मनरेगा भ्रष्टाचार का पर्याय बन गई थी। उन्होंने कांग्रेस व अन्य विपक्षी पार्टियों द्वारा किए जा रहे दुष्प्रचार का कड़ा जवाब देते हुए कहा कि देश और हरियाणा राज्य की जनता कांग्रेस और इंडी गठबंधन नेताओं का चेहरा और चरित्र भली-भांति पहचान चुकी है। लगातार झूठ बोलने की आदत ने इन दलों को राजनीतिक रूप से अविश्वसनीय बना दिया है और अब जनता उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लेती। कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन के नेता मनरेगा श्रमिकों को गुमराह करने के लिए बार-बार झूठे बयान दे रहे हैं। रणबीर गंगवा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी न तो लोकसभा व राज्यसभा में अपने सकारात्मक सुझाव रख पाती और न ही हरियाणा विधानसभा में।

कांग्रेस के पास जब बोलने को कुछ नहीं होता तो वह वाकआउट में विश्वास करती है और इस बार भी यही हुआ। उन्होंने विकसित भारत जी राम जी योजना को पूरे देश के अलावा हरियाणा के लिए खास फायदेमंद बताया और कहा कि हरियाणा में मजदूरी दर देश भर में सर्वाधिक है। नए प्रावधान से प्रदेश में हर श्रमिक को कम से कम 10 हजार रुपये अधिक मिलेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में प्रतिदिन 400 रुपये की दर से न्यूनतम मजदूरी दी जाती है, इससे हर श्रमिक की वार्षिक आय कम से कम 50 हजार रुपये हो सकती है। दूसरी तरफ, पंजाब में न्यूनतम मजदूरी मात्र 339 रुपये प्रतिदिन है। इसी तरह, हिमाचल प्रदेश में तो यह मात्र 236 रुपये प्रतिदिन ही है।

# कालकाजी और नंद नगरी मस्जिद अतिक्रमण मामले में हाईकोर्ट की फटकार, कहा- अदालत के प्लेटफॉर्म का गलत इस्तेमाल न करें

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जनवरी।




साउथ दिल्ली के कालकाजी इलाके में जामा मस्जिद और नंद नगरी स्थित मस्जिद को सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण मामले में दिल्ली हाईकोर्ट 21 जनवरी को सुनवाई करेगा।

इस मामले में हाईकोर्ट ने बुधवार को सुनवाई की, लेकिन न कोई आदेश पारित नहीं किया और न ही कोई नोटिस। दिल्ली हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को फटकार लगाते हुए कहा कि आप हर दूसरे दिन ऐसी याचिका दाखिल कर रहे हैं। कोर्ट के प्लेटफार्म का ऐसा गलत इस्तेमाल न करें।

हाईकोर्ट ने कहा कि आपको समाज में सिर्फ अतिक्रमण के रूप में एक ही दिक्कत नजर आती है। इसके अलावा आपको समाज में कोई दूसरी समस्या नजर नहीं आती। पीने के पानी जैसी तमाम दिक्कतें हैं, उनको लेकर आप कोर्ट नहीं आते हैं। हमें कोर्ट के प्लेटफार्म के ऐसे गलत इस्तेमाल को रोकना होगा। बता दें कि प्रीत सिंह सिरोही नाम के एक याचिकाकर्ता ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दावा किया है कि मस्जिद का लगभग एक हजार वर्ग मीटर हिस्सा सड़क और फुटपाथ पर कब्जा करके बनाया गया है और यह निर्माण न केवल अवैध है, बल्कि सार्वजनिक जमीन पर अतिक्रमण भी है। याचिकाकर्ता ने कोर्ट से मस्जिद और मदरसे को अवैध घोषित करने और उन्हें गिराने का आदेश देने की गुजारिश की थी।

प्रीत सिंह सिरोही के मुताबिक, बहापुर गांव में जमीन 1960 में सार्वजनिक उद्देश्यों के लिए अधिग्रहित की गई थी और बाद में 1963 में दिल्ली विकास प्राधिकरण को ट्रांसफर कर दी गई थी। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि जिस जमीन पर जामा मस्जिद और मदरसा बना है, वह इसी अधिग्रहित जमीन का हिस्सा है। जमीन की वास्तविक स्थिति साफ करने के लिए डीडीए और लोक निर्माण विभाग में भी शिकायतें दर्ज कराई थीं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद उन्हें हाईकोर्ट का रुख करना पड़ा।

याचिकाकर्ता ने कोर्ट से मांग की है कि जामा मस्जिद और मदरसा मिल्लत उल इस्लाम की जमीन की जांच कराई जाए। अगर निर्माण अवैध पाया जाता है तो उसे हटाने की कार्रवाई की जाए।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### ब्रोकर ने शेयर ट्रेडिंग में निवेश करा 9.31 लाख रुपये ठगे

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 14 जनवरी।** नंदग्राम थाना क्षेत्र की राजनगर एक्सटेंशन की गुलमोहर सोसायटी में रहने वाले किशन स्वरूप ने स्टॉक मार्केट के ब्रोकर के खिलाफ साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एसीपी अपराध भास्कर वर्मा ने बताया कि तहरीर के मुताबिक अहाना गिल नाम की युवती ने किशन स्वरूप के मोबाइल पर मैसेज भेजा। खुद को स्टॉक मार्केट का ब्रोकर बताया। शेयर ट्रेडिंग में निवेश करने पर 20 से 30 प्रतिशत मुनाफा दिलाने का दावा किया। उन्हें एक ग्रुप से जोड़ा गया। जहां रजनीश नरूला रोजाना ट्रेडिंग की टिप्स देते थे और मानवी चौहान ग्रुप चैट में निवेशक बनकर लोगों को ट्रेडिंग में अधिक निवेश कर मुनाफा कमाने के लिए प्रेरित करती थी। साइबर ठगों के झांसे में आकर किशन स्वरूप में ने भी शेयर ट्रेडिंग में 9.31 लाख रुपये निवेश किए। खाते से रुपये निकालने पर अतिरिक्त धनराशि की मांग की गई। पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच कर ठगों की पहचान की जाएगी।

### जनवरी, फरवरी में 17 ट्रेनें रीशेड्यूल-रेगुलेट कर चलेंगी



**गाजियाबाद, यूटर्न/ 14 जनवरी।** दौसनी यार्ड में पावर कम ट्रैफिक ब्लॉक की वजह से जनवरी व फरवरी की अलग-अलग तारीखों में 10 ट्रेनों को रीशेड्यूल और सात ट्रेनों को रेगुलेट करके चलाया जाएगा। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। रेलवे की ओर से इसकी जानकारी साझा की गई। हालांकि, 13 जनवरी को भी इन ट्रेनों को रीशेडयूल और रेगुलेट करके चलाया गया। इसलिए यह ट्रेनें अपने निर्धारित समय से डेढ़ घंटे तक देरी से गाजियाबाद पहुंची। इस बारे में नॉर्दर्न रेलवे के सीपीआरओ हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर ट्रेनों को रोककर चलाया जाएगा।

# उधार के रुपये नहीं देने पर की थी सूफियान की हत्या

» **लोनी, यूटर्न/ 14 जनवरी।**

उधार के 20 हजार रुपये नहीं देने पर तीन दोस्तों ने सूफियान की सीने में दो गोली मारकर हत्या की थी। पुलिस ने हत्या के दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद और एक को चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया है। तीनों लूट करने के बहाने उसे बाइक पर बैठाकर अपने साथ ले गए थे। पुलिस ने कब्जे से तमंचा, बाइक, कारतूस बरामद किए हैं। घायल बदमाशों को अस्पताल में भर्ती कराया।

एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र की जैन कॉलोनी में छह जनवरी को युवक का शव मिला था। पोस्टमॉर्टम



रिपोर्ट में युवक के सीने में दो गोली मारकर हत्या करना सामने आया था। पुलिस ने युवक की शिनाख्त सूफियान निवासी दिल्ली के रूप में की थी। परिजनों ने मामले में अज्ञात पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस जांच में सूफियान के दोस्तों द्वारा हत्या करना सामने आया था। सोमवार को पुलिस ने पुस्ता रोड के पास से बाइक पर आ रहे मृतक के तीन दोस्तों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में तीनों ने अपने नाम संदीप बैसोया निवासी जगतपुरी वजीराबाद दिल्ली, दिव्यांशु उर्फ रौकी निवासी चमन विहार थाना अंकुर विहार व साहिल उर्फ बल्लू निवासी विजय विहार थाना अंकुर विहार बताएं हैं। संदीप बैसोया और दिव्यांशु उर्फ रॉकी को हथियार बरामद करने के लिए ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र के हरमपुर के जंगल में झाड़ियों में ले गए थे। दोनों ने मौका पाकर पुलिस की तरफ फायरिंग कर दी थी। गनीमत रही कि गोली पुलिस कर्मियों को नहीं लगी। दोनों भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस की टीम ने मुठभेड़ के बाद दोनों बदमाशों को गिरफ्तार किया। दोनों के पैरों में गोली लगी है। दोनों अस्पताल में भर्ती कराया। एसीपी ने बताया कि तीनों ने पूछताछ में बताया कि चारों पुराने साथी थे। सूफियान ने संदीप बैसोया से कई बार में करीब 20 हजार से अधिक रुपये ले रखे थे। रुपये मांगने पर वह जान से मारने की धमकी देता था। इसके चलते छह जनवरी को दिव्यांशु और साहिल बाइक पर संदीप के पास वजीराबाद पहुंचे।

इसके बाद आरोपी दोस्त अपने साथ ले गए। सूफियान छह जनवरी को अपने साथी अरुण की जन्मदिन की पार्टी में जाने वाला था।

## दिल्ली ब्लास्ट मामला: शाहीन सईद सहित चार आरोपियों की हिरासत बढ़ी, कोर्ट ने तीन दिनों तक हिरासत में भेजा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जनवरी।**

दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास कार में हुए ब्लास्ट के मामले में पटियाला हाउस कोर्ट ने डॉक्टर शाहीन, मुफ्ती इरफान अहमद, जासिर बिलाल वानी, डॉ. अदील अहमद और मुजम्मिल को भी 3 दिनों की राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी (एनआईए) की हिरासत में भेज दिया है।

एनआईए ने मंगलवार को ही कोर्ट से डॉ. शाहीन की पुलिस रिमांड मांगी थी। डॉ. शाहीन को पिछले महीने पटियाला हाउस कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेजा था।

एनआईए का कहना है कि हिरासत बढ़ाने का उद्देश्य आरोपी से विस्तृत पूछताछ करना और विस्फोट के पीछे के नेटवर्क को उजागर करना है। एजेंसी जांच में यह पता लगा रही है कि किस तरह से विस्फोट की योजना बनाई गई, सहयोगी कौन थे और हथियार एवं विस्फोटक सामग्री कैसे जुटाई गई।

एजेंसी का मानना है कि यह मॉड्यूल जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों से लिंक है। अब तक कई आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें डॉ. मुजम्मिल शकील गनी, डॉ. शाहीन सईद, मुफ्ती इरफान और अन्य शामिल हैं। केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के साथ मिलकर एनआईए पूरी साजिश का पता लगाने में जुटी है। जांच में विदेशी



हैंडलरों के लिंक भी सामने आ रहे हैं। यह गिरफ्तारी मामले में बड़ा कदम मानी जा रही है और आगे और खुलासे होने की उम्मीद है। इस हमले ने राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं और जांच तेजी से आगे बढ़ रही है।

वहीं इससे पहले 5 जनवरी को पटियाला हाउस कोर्ट ने दिल्ली कार में हुए ब्लास्ट मामले में आरोपी यासिर अहमद डार की न्यायिक हिरासत बढ़ाते हुए 16 जनवरी तक राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी (एनआईए) की हिरासत में भेजने के आदेश दिए थे।

यासिर अहमद डार की एनआईए हिरासत खत्म होने के बाद पाटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया था। इस दौरान एनआईए ने रिमांड बढ़ाने की मांग की, जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने 16 जनवरी तक न्यायिक हिरासत में भेजने के निर्देश दिए, ताकि एजेंसी उससे विस्तृत पूछताछ कर सके। इस मामले में एनआईए की जांच के अनुसार, उमर-उन-नबी 10 नवंबर को लाल किला में विस्फोटक से भरी कार चला रहा था।

## झूठ बोलना और भारत के खिलाफ दुष्प्रचार करना राहुल गांधी का डीएनए बन गया है: शहजाद पूनावाला

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जनवरी।**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को लेकर भाजपा ने तल्ख टिप्पणी की है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि उनके लिए एलओपी का मतलब लीडर ऑफ प्रोपेगेंडा है।

उन्होंने आईएएनएस से कहा कि राहुल गांधी भारतीय राजनीति के पिनोच्चियो बन चुके हैं और झूठ बोलना तथा भारत को बदनाम करना उनके डीएनए में शामिल हो गया है। शहजाद पूनावाला ने राहुल गांधी के परिवार के राजनीतिक इतिहास का जिक्र करते हुए कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी वही नेता हैं जिनके परिवार ने देश में इमरजेंसी लगाने का दुस्साहस किया था। उसी दौर में संवैधानिक संस्थाओं को कुचला गया, सांसदों को जेल में डाला गया और संविधान में बदलाव कर एक मिनी संविधान लाने की कोशिश की गई।

भाजपा प्रवक्ता ने आगे कहा कि उस समय मीडिया पर भी कड़ी सेंसरशिप लगाई गई थी। हालात ऐसे थे कि मशहूर गायक किशोर कुमार के गाने तक बंद करा दिए गए थे। उन्होंने राहुल गांधी के रवैये पर सवाल उठाते



हुए कहा कि जब राहुल गांधी चुनाव जीतते हैं, तो उन्हें चुनाव आयोग सही लगता है। जब वे किसी मामले में जीत हासिल करते हैं, तो न्यायपालिका ठीक लगती है। लेकिन जब फैसले उनके खिलाफ जाते हैं, तो वे विदेश जाकर भारत की बदनामी करने लगते हैं।

शहजाद पूनावाला ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी लगातार देश की छवि को नुकसान पहुंचाने का काम करते हैं और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत के खिलाफ बयानबाजी करते हैं। यह रवैया न केवल गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि देशहित के भी खिलाफ है।

### ऑनलाइन प्रोडक्ट रिटर्न के नाम पर महिला के खाते से 83 हजार उड़ाए

**कौशांबी, यूटर्न/ 14 जनवरी।** थानाक्षेत्र के वैशाली सेक्टर पांच निवासी आशा किरण चौहान के खाते से साइबर ठगों ने 83,770 रुपये निकाल लिए। ठग ने ऑनलाइन खरीदे गए प्रोडक्ट को रिटर्न करने की बात कहकर खाते की जानकारी हासिल की थी। मामला चार जनवरी का है। पुलिस ने 12 जनवरी को प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। दर्ज मामले में आशा किरण ने बताया कि चार जनवरी को उन्होंने ऑनलाइन कुछ सामान ऑर्डर किया था। उत्पाद उन तक पहुंचा तब उन्हें वापस करने की जरूरत महसूस हुई। उन्होंने वापस करने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया। इसके बाद उनके पास एक अंजान नंबर से फोन कॉल आई और भुगतान संबंधी प्रक्रिया कराई। पीड़िता ने बताया कि प्रक्रिया पूरी होते ही उनके बैंक खाते से 83,700 रुपये कट गए। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़िता के रुपये जिस बैंक खाते में स्थानांतरित हुए हैं उसे फ्रीज करा दिया गया है। साइबर सेल की टीम को मामले की जांच सौंपी गई है।

# दिल्ली पुलिस ने जांच में पहली बार किया ड्रोन का उपयोग, नाले के बीच में फंसा मिला बच्ची का शव

**प्रेम नगर थाना पुलिस के सिपाही राहुल, कमल और प्रवीण ने सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले लेकिन कुछ फायदा नहीं हुआ।**

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जनवरी।**

दिल्ली पुलिस ने तफ्तीश के लिए पहली बार ड्रोन का इस्तेमाल किया गया और इसमें सफलता भी मिली। नौ जनवरी को गायब बच्ची की तलाश के लिए पुलिस ने पहले स्निफर डॉग स्क्वाड की मदद भी ली लेकिन सफलता नहीं मिली। फिर ड्रोन के जरिये बच्ची को तलाश गया तो उसका शव नाले में फंसा मिला। आरोपी का अब तक पता नहीं चला है।



राहिणी जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार रोहिणी के प्रेम नगर थाना क्षेत्र में विद्यापति नगर, इंदर एन्क्लेव, फेज-दो, किराड़ी, दिल्ली की रहने वाली एक महिला से 9 जनवरी को शिकायत मिली थी। महिला ने शिकायत की थी कि उसकी चार साल की बेटी या तो लापता है या किसी ने उसका अपहरण कर लिया है।

प्रेम नगर थाना पुलिस के सिपाही राहुल, कमल और प्रवीण ने सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले लेकिन कुछ फायदा नहीं हुआ।

आखिरकार हवलदार देवेंद्र नासिर, हवलदार संदीप, हवलदार पंकज राजा और हवलदार विकास की टीम ने ड्रोन का सहारा लिया। ड्रोन से चार वर्ष की बच्ची का शव 12 जनवरी को विद्यापति नगर के पास एक नाले में मिल गया। शव नाले के बीच में दलदल में फंस गया था और दूर से दिखाई नहीं दे रहा था। पोस्टमार्टम कराकर बच्ची का शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### ड्रोन का आइडिया ऐसे सामने आया

रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव रंजन ने बताया कि प्रेम नगर इलाके में काफी नाले हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार ज्यादातर नाले पूरे तरह भरे हुए हैं। ऐसे लगा कि बच्ची किसी नाले में गिर सकती है। ऐसे में ड्रोन से नाले में तलाशी लेने का फैसला किया गया।

### डूबने से हुई है मौत

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि बच्ची के शव के पोस्टमार्टम की रिपोर्ट मिल गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता लगा कि बच्ची की डूबने से मौत हुई है। बताया जा रहा है कि बच्ची दिमागी रूप से कमजोर थी। हो सकता है वह चलते-चलते नाले में गिर गई हो।

## सेना के जवानों को एक करोड़ का दुर्घटना बीमा कवर, बैंक के साथ समझौता



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जनवरी।** भारतीय सेना के जवानों और अधिकारियों के लिए फिर से एक करोड़ के व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर का प्रावधान किया गया है। वहीं आतंकवादी हमले में शहीद होने पर 10 लाख का अतिरिक्त बीमा प्रदान किया जाएगा। सेना में कार्यरत अग्निवीर भी दुर्घटना बीमा कवर में शामिल हैं। सैन्यकर्मियों को पंजाब नेशनल बैंक द्वारा 1.5 करोड़ का एयर एक्सीडेंट इंश्योरेंस कवर भी उपलब्ध कराया जा रहा है। सेना के साथ हुए एक समझौते के तहत भारतीय सेना के कार्यरत सैन्यकर्मियों को यह बीमा सुविधा बैंक द्वारा प्रदान की जा रही है।

बुधवार को भारतीय सेना ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक के साथ हुए इस समझौते का नवीनीकरण कराया है। एमओयू के तहत इस समझौते में कई अन्य महत्वपूर्ण प्रावधान भी शामिल हैं। इनमें आतंकवादी हमले में मृत्यु होने पर सैन्य कर्मियों के लिए 10 लाख का अतिरिक्त बीमा कवर है। बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए 20 लाख रुपए तक का कवर है। वहीं सैन्य कर्मियों की बेटियों के विवाह के लिए 10 लाख रुपए तक का विशेष कवर शामिल है। इसके अलावा, महिलाओं के सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए बैंक द्वारा ह्यस्पेशल वूमेन पावर सेविंग स्कीमह्ल भी संचालित की जा रही है।

# भारत में दिसंबर में थोक महंगाई दर बढ़कर हुई 0.83 प्रतिशत, खाने की चीजों के नहीं बढ़े दाम

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जनवरी।**

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय से बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, थोक कीमतों पर आधारित भारत की महंगाई दर दिसंबर 2025 में 0.83 प्रतिशत रही। यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से विनिर्मित वस्तुओं (मैन्यूफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स) और खनिजों की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण हुई है।

दिसंबर में खाने-पीने की चीजों की थोक कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई, इसलिए खाद्य महंगाई दर शून्य प्रतिशत रही। इसका मतलब है कि पिछले साल की तुलना में खाने की चीजें महंगी नहीं हुईं।



थोक महंगाई (डब्ल्यूपीआई) में सबसे बड़ा हिस्सा रखने वाले विनिर्मित वस्तुओं के समूह की हिस्सेदारी 64.23 प्रतिशत है, जिसकी कीमतों में दिसंबर में 0.41 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस समूह के 22 उत्पादों में से 13 की कीमतें बढ़ीं, 8 उत्पादों की कीमतें घटीं और एक की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ। दिसंबर में जिन वस्तुओं की कीमतें बढ़ीं, उनमें मूल धातुएं, रसायन और रासायनिक उत्पाद, वस्त्र और अन्य गैर-धातु खनिज उत्पाद शामिल हैं। वहीं, रबर और प्लास्टिक उत्पाद, खाद्य उत्पाद, कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक सामान, कागज और पेय पदार्थों की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई।

नवंबर 2025 में थोक महंगाई दर शून्य से नीचे (-0.32 प्रतिशत) थी। इससे पहले अक्टूबर में यह -1.21 प्रतिशत रही थी, जबकि पिछले साल नवंबर में यह 2.16 प्रतिशत थी।

दिसंबर 2025 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा महंगाई दर 1.33 प्रतिशत रही, जो नवंबर के 0.71 प्रतिशत से थोड़ी ज्यादा है। दिसंबर में कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) -2.71 प्रतिशत रही, यानी खाने की चीजों की कीमतें पिछले साल की तुलना में कम रहीं।

यह लगातार सातवां महीना है जब खाद्य महंगाई नकारात्मक बनी हुई है, जिससे आम लोगों के घर के बजट को राहत मिली है। कुल मिलाकर, महंगाई को लेकर स्थिति अभी काबू में है। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने पिछले महीने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए महंगाई का अनुमान 2.6 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत किया था।

## संक्षिप्त खबरें

### सोने और चांदी की कीमतों में भारी उछाल

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जनवरी।** घरेलू बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की तेज शुरुआत हुई। आज सुबह एमसीएक्स पर सोना 1,43,088 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए स्तर पर पहुंच गया है। वहीं चांदी 4.15 फीसदी बढ़कर 2,86,600 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंची है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी दोनों की कीमतों में उछाल आया है। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में चांदी की कीमतें 6,000 रुपए ऊपर आकर 2,71,000 रुपए प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं जबकि सोना 1,45,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के अपने शीर्ष स्तर पर जा पहुंच गया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने कहा कि चांदी की कीमतें लगातार बढ़ती जा रही है।

### एनपीएस वात्सल्य योजना के नियमों में बदलाव, अब 80 फीसदी निकाल सकेंगे रकम

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जनवरी।** पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने नाबालिगों के लिए शुरू की गई एनपीएस वात्सल्य योजना के नियमों में बदलाव किया है। इन संशोधनों का उद्देश्य योजना को और सरल और आकर्षक बनाना है, ताकि अभिभावक अपने बच्चों के नाम पर इस योजना के तहत निवेश करने के लिए आगे आएं। नए नियमों के मुताबिक अब खाताधारकों को निकासी और एग्जिट के मामले में पहले की तुलना में ज्यादा लचीलापन मिलेगा। संशोधित प्रावधानों के तहत एनपीएस वात्सल्य खाते से खाता खोलने के तीन साल बाद आंशिक निकासी की अनुमति दी गई है। शिक्षा, चिकित्सा उपचार और निर्धारित विकलांगता जैसी जरूरतों के लिए स्वयं के योगदान का अधिकतम 25 फीसदी तक निकाला जा सकेगा।

## जेन-जेड के लिए नौकरी चुनते समय सबसे अहम है वर्क-लाइफ बैलेंस

### एक सर्वे में करीब 60 फीसदी लोगों ने इसे सबसे बड़ी प्राथमिकता बताया

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जनवरी।** इन्फोसिस के सह-संस्थापक एन आर नारायण मूर्ति भले ही 72 घंटे काम करने की बात करते हों, लेकिन भारत की जेन-जेड की सोच इससे बिल्कुल अलग है। एक नए सर्वे के मुताबिक जेन-जेड युवाओं के लिए नौकरी चुनते समय सबसे अहम चीज वर्क-लाइफ बैलेंस है। नौकरी डॉट कॉम की ओर से जारी इस सर्वे में करीब 23,000 जेन-जेड प्रोफेशनल्स से बात की गई। इनमें से आधे लोगों ने कहा कि नौकरी का ऑफर देखते समय वे सबसे पहले यह देखते हैं कि काम और निजी जिंदगी में संतुलन मिलेगा या नहीं। सर्वे में यह भी सामने आया कि जिन जेन-जेड प्रोफेशनल्स को 5 से 8 साल का अनुभव है, उनमें वर्क-लाइफ बैलेंस की मांग और ज्यादा है। इस ग्रुप में करीब 60 फीसदी लोगों ने इसे अपनी सबसे बड़ी प्राथमिकता बताया। यह स्टडी द जेन जेड वर्क कोड नाम से जारी की गई है। इसमें आईटी, बैंकिंग, ऑटो, बीपीओ और एजुकेशन जैसे 80 अलग-अलग सेक्टरों के युवा शामिल थे। सर्वे में शामिल लोग मुंबई, बेंगलुरु, दिल्ली, चेन्नई और हैदराबाद जैसे बड़े शहरों से थे। सर्वे के मुताबिक 81 फीसदी जेन-जेड युवाओं को सार्वजनिक या निजी तारीफ से ज्यादा सीखने और आगे बढ़ने के मौके चाहिए। वहीं 57 फीसदी लोगों ने कहा कि उनके लिए करियर ग्रोथ का मतलब नई स्किल्स सीखना है, न कि सिर्फ प्रमोशन या सैलरी बढ़ना। जेन-जेड के लिए कंपनी की सबसे अहम वैल्यू पारदर्शिता है। करीब 65 फीसदी लोगों ने इसे सबसे जरूरी बताया। जिन युवाओं के पास 5 से 8 साल का अनुभव है, उनमें यह आंकड़ा बढ़कर 71 फीसदी हो जाता है।

## राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड किसानों को बना रहा सशक्त, दुनिया में बढ़ा रहा भारतीय हल्दी का निर्यात : पीयूष गोयल

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जनवरी।**

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड (एनटीबी) देश के किसानों को सशक्त बना रहा है और भारतीय हल्दी के निर्यात को दुनिया भर में बढ़ावा दे रहा है।

राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड की स्थापना के एक साल पूरे होने पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस बोर्ड ने अपने उद्देश्यों को पूरा करने की दिशा में काफी अच्छी प्रगति की है।

पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि इस बोर्ड की स्थापना का उद्देश्य हल्दी के उत्पादन को बढ़ाना, किसानों को सशक्त बनाना और दुनिया भर में हल्दी के निर्यात को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि बोर्ड ने इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं।




मंत्री ने आगे कहा कि वह बोर्ड की सफलता की कामना करते हैं, ताकि यह किसानों की मदद करता रहे, व्यापारियों और निर्यातकों के लिए नए अवसर खोले और भारत की समृद्धि को दुनिया तक पहुंचाए।

इस बीच, वित्त वर्ष 2024-25 में भारत से हल्दी के निर्यात में 50.7 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जो पिछले वित्त वर्ष के 226.58 मिलियन डॉलर की तुलना में बढ़कर 341.54 मिलियन डॉलर हो गया।

संसद के शीतकालीन सत्र में वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने बताया कि साल 2024-25 में भारत से 1.76 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा हल्दी का निर्यात हुआ, जबकि 2023-24 में यह आंकड़ा 1.62 लाख मीट्रिक टन था।

भारत का दुनिया के हल्दी बाजार में 66 प्रतिशत हिस्सा है और साल 2020 से देश से सबसे ज्यादा हल्दी आयात करने वाले टॉप-पांच देशों में बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), अमेरिका, मलेशिया और मोरक्को शामिल हैं। राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड हल्दी से बने नए उत्पादों को बढ़ावा देने, हल्दी और उसके उत्पादों के बारे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में जागरूकता फैलाने और इनके इस्तेमाल को बढ़ाने के लिए काम कर रहा है।

बोर्ड हल्दी की आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत और टिकाऊ बनाने पर भी ध्यान दे रहा है। इसके साथ ही निर्यात के लिए बेहतर ढांचा, परिवहन सुविधाएं और गुणवत्ता व सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है।

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में आया बदलाव




**नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जनवरी।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव आया है। घरेलू बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने लगी है। इससे बुधवार सुबह घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में बदलाव आया है। कच्चा तेल महंगा होने से आज कई शहरों में तेल की कीमतों में तेजी रही है जबकि कुछ जगह गिरावट आयी है। नोएडा में पेट्रोल 94.90 रुपये और डीजल 88.01 रुपये प्रति लीटर हो गया है. वहीं उत्तराखंड में भी तेल की कीमतों में कमी आई है। राजधानी देहरादून में पेट्रोल 26 पैसे नीचे आकर 93.43 रुपये प्रति लीटर और डीजल 31 पैसे सस्ता होकर 88.33 रुपये लीटर बिक रहा है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 35 पैसे उछलकर 105.58 रुपये लीटर हो गया जबकि डीजल 33 पैसे ऊपर आकर 91.82 रुपये लीटर पहुंच गया। चारों महानगरों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें पहले की तरह ही हैं। दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर जबकि मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर। वहीं चेन्नई में पेट्रोल 100.76 रुपये और डीजल 92.35 रुपये प्रति लीटर पर है। कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर पर बना हुआ है।

**इन शहरों में बदल गए रेट:** देहरादून में पेट्रोल 93.43 रुपये और डीजल 88.33 रुपये प्रति लीटर हो गया है. झ पटना में पेट्रोल 105.58 रुपये और डीजल 91.82 रुपये प्रति लीटर हो गया है

## सुजुकी अपनी गिक्सर बाइक को अपडेट करने की तैयारी में

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जनवरी।**

बाइक निर्माता कंपनी सुजुकी अपनी लोकप्रिय बाइक रेंज गिक्सर को अपडेट करने की तैयारी में है। मौजूदा गिक्सर मॉडल्स भारत में 2016 से बिक रहे हैं और अब ये बाइकें काफी पुरानी हो चुकी हैं। वर्तमान में 150सीसी से लेकर 250सीसी तक फैली यह रेंज स्ट्रीट नेकेड और सुपरस्पोर्ट दोनों बॉडी स्टाइल में उपलब्ध है। नई रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी इन बाइक्स के नेक्स्ट-जेनरेशन वर्जन पर काम कर रही है और उम्मीद है कि यह लाइन-अप 2026 के अंत तक बाइक मार्केट में आ सकती है। कंपनी के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा, क्योंकि फिलहाल सुजुकी भारत में मजबूत स्कूटर ब्रांड के तौर पर जानी जाती है। एक्सेस और बर्गमैन स्ट्रीट स्कूटर का दबदबा है, लेकिन नेक्स्ट-जेन गिक्सर के जरिए 150सीसी से 250सीसी बाइक सेगमेंट में कंपनी फिर से मजबूत वापसी कर सकती है। अंदरूनी तौर पर इन बाइक्स को एक्सएफ181 और एक्सएफ 191 (150सीसी) तथा एक्सएफ1सी1 और एक्सएफ1डी1 (250सीसी) कोडनेम दिया गया है। नेक्स्ट-जेन गिक्सर रेंज में बड़े अपग्रेड देखने को मिल सकते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार पूरी रेंज में यूएसडी फ्रंट फोर्क्स, 150सीसी बाइक्स में 6-स्पीड गियरबॉक्स, स्टैंडर्ड टीएफटी इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और प्रीमियम स्विचगियर मिल सकता है। 250सीसी मॉडल्स में बाय-डायरेक्शनल क्विक-शिफ्टर और क्रूज कंट्रोल जैसे फीचर्स भी दिए जा सकते हैं। डिजाइन के मामले में, स्ट्रीट नेकेड गिक्सर जीएसएक्स-8एस और सुपरस्पोर्ट गिक्सर जीएसएक्स-8आर से प्रेरित हो सकती है। इंजन में ज्यादा बदलाव नहीं होंगे, लेकिन प्रदर्शन में हल्का सुधार संभव है। फिलहाल 150सीसी गिक्सर में एयर-कूल्ड एसओएचसी 2-वॉल्वइंजन और 250सीसी मॉडल्स में ऑयल-कूल्ड एसओएचसी 4-वॉल्व इंजन मिलता है। आने वाले मॉडल्स में 150सीसी बाइक्स में भी 4-वॉल्व हेड और ऑयल-कूलिंग टेक्नोलॉजी दी जा सकती है, जिससे मैकेनिकल परफॉर्मेंस और बेहतर होगी।



## 19 को लांच होगी नई इलेक्ट्रिक एसयूवी अर्बन क्रूजर ईवी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जनवरी।**

भारतीय बाजार में टोयोटा इंडिया कंपनी 19 जनवरी, 2026 को अपनी नई इलेक्ट्रिक एसयूवी, टोयोटा अर्बन क्रूजर ईवी लॉन्च करने वाली है। लॉन्च के बाद अर्बन क्रूजर ईवी सीधे हुंडई क्रेटा ईवी, महिंद्रा बीई 6 और विनफास्ट वीएफ 6 जैसी मिड-साइज इलेक्ट्रिक एसयूवी से टक्कर लेगी। यह कार असल में मारुति की आने वाली ई विटारा का बैज-इंजीनियर्ड वर्जन होगी। बैटरी और मोटर के विकल्पों की बात करें तो अर्बन क्रूजर ईवी में मारुति ई विटारा जैसा सेटअप मिलने की उम्मीद है। इसमें 49केडब्ल्यूएच बैटरी के साथ 144बीएचपी और 61केडब्ल्यूएच बैटरी के साथ 174बीएचपी मोटर का विकल्प दिया जा सकता है।

हालांकि, सिंगल चार्ज रेंज के आधिकारिक आंकड़े अभी सामने नहीं आए हैं। एक्सपर्ट्स का अनुमान है कि बड़ा बैटरी पैक एआरएआई साइकिल पर करीब 543 किलोमीटर तक की रेंज दे सकता है। डिजाइन की दृष्टि से अर्बन क्रूजर ईवी इंटरनेशनल-स्पेक ई-विटारा से काफी मिलती-जुलती नजर आती है। इसमें स्लीक एलईडी हेडलैंप्स और



डीआरएलएस, ब्लैक ट्रिम से जुड़ा फ्रंट लुक, स्मूद बंपर के किनारों पर वर्टिकल एयर वेंट्स और एयरो-ऑप्टिमाइज्ड अलॉय व्हील्स मिल सकते हैं, जो संभवतः 18-इंच के होंगे।

भारत में लॉन्च होने वाली कार में डिजाइन में कोई बदलाव होगा या नहीं, यह देखा जाना बाकी है। केबिन में 10.1-इंच डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, 10.25-इंच टचस्क्रीन, वायरलेस एप्पल कारप्ले और एंड्रॉइड ऑटो, वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स और इनफिनिटी साउंड सिस्टम जैसे प्रीमियम फीचर्स मिलने की संभावना है। सेफ्टी के लिए लेवल-2 एडीएएस, 7 एयरबैग्स, 360-डिग्री कैमरा, टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम, चारों पहियों में डिस्क ब्रेक, इलेक्ट्रॉनिक पार्किंग ब्रेक और एबीएस जैसे फीचर्स दिए जा सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### संदिग्ध हालात में फ्लैट के बाथरूम में मृत मिली महिला

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 14 जनवरी।** सेक्टर-58 थाना इलाके में सेक्टर-56 के आशियाना फ्लैट में संदिग्ध हालात में 23 साल की विवाहिता की मौत हो गई। मंगलवार सुबह वो फ्लैट के बाथरूम में मृत मिली। मृतका के परिवार वालों ने ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि सेक्टर-58 थाना में दहेज हत्या की धारा में एफआईआर दर्ज कर टीम जांच कर रही है। मृतका 23 साल की संगीता की शादी साल 2022 में आशियाना फ्लैट में रहने वाले रिंकू से हुई थी। मृतका के पिता राजू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रिंकू पेट्रोल पंप पर काम करता है। संगीता की दो साल की बेटी है। आरोप है कि संगीता को ससुराल वाले दहेज के लिए परेशान करते थे। कई बार कार व रुपयों की मांग भी की जा चुकी थी। मांग पूरी न होने पर संगीता को प्रताड़ित किया जाता था। मंगलवार सुबह रिंकू ने अपने ससुरा राजू को कॉल कर सूचना दी कि संगीता बाथरूम में बेहोश पड़ी है। पिता व परिवार के अन्य लोग यहां आए तो संगीता बाथरूम में पड़ी थी। परिवार का आरोप है कि संगीता की गर्दन पर निशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि गला दबाकर हत्या की गई है।

### एयरपोर्ट पर ग्राउंड स्टाफ की नौकरी दिलाने के बहाने ठगी में आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 14 जनवरी।** एयरपोर्ट पर ग्राउंड स्टाफ की नौकरी दिलाने के बहाने ठगी में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी हर्ष कुमार बिहार, मुजफ्फरपुर का मूल निवासी है और अब दिल्ली के बलजीत नगर में रहता है। इससे पूछताछ में सामने आया कि आरोपी हर्ष कॉलिंग करने वाले ठगों के साथ मिलकर काम करता था। शिकायतकर्ता को जिस इंटरनेट कनेक्शन के माध्यम से व्हाट्सएप कॉल की गई थी, वह इंटरनेट आरोपी के मोबाइल फोन से उपयोग किया गया था। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि आरोपी को 7 दिन के रिमांड पर लेकर साइबर क्राइम थाना सेंट्रल की टीम पूछताछ कर रही है। ठगी को लेकर पुलिस को ये शिकायत पल्ला इलाके की रहने वाली महिला ने दी थी। शिकायत में बताया गया कि 12 नवंबर 2025 को उनके पास एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाली महिला ने खुद को फ्लाई एवियेशन ग्रुप सर्विस की कर्मचारी बताया।

# शिफा की मौत की कहानी पढ़ कांप जाएगा कलेजा: बेटी के गंदे कपड़े न धोने पड़ें, मां ने मार डाला; बाप ने दिया साथ

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 14 जनवरी।**

एक मां सौतेली बेटी की हत्यारोपी बन गई। डेढ घंटे तक छह वर्षीय मासूम बिटिया को डंडे से पीटा, उसका मासूम भाई बहन को चीखता चिल्लाता देख रो पड़ा। इस हत्यारिन ने उसे भी दर्द सहन करने की क्षमता तक पीटा। इसकी ऐसी क्रूरता के बाद भी दिल नहीं पसीजा। बेहोश होने पर बच्ची को चारपाई पर सिसकने के लिए छोड़ दिया।



**बेहोश हुई बेटी तो डॉक्टर की जगह ले गए मौलवी के पास :** रात भर दर्द से करहाने वाली बिटिया सुबह तक बेहोश हो गई। जिसके बाद हत्यारोपी सौतेली मां और पिता बेहोशी की हालत में लेकर एक मौलवी के पास पहुंचे। यहां भी इस बिटिया के जीवन की बची स्वांस अंधविश्वास के दोजख में झोक दी गई। मौलवी ने ताबीज दिया और मरनासन्न हालत में बिटिया को धूप में रखने की सलाह दी। बेहरम माता-पिता ने ऐसा ही किया। 11 जनवरी की सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक जिंदगी की आस में सांसें गिन रही बिटिया को बेरहम सौतेली मां ने अर्द्धनग्नावस्था में छत पर लकड़ी के पटरे पर लिटाए रखा।

**नाना बोले- वो तो सौतेली मां थी तू तो उसका बाप था रे :** एसीपी प्रियाश्री पाल ने बताया कि जांच के बाद अकरम और उसकी दूसरी पत्नी निशा परवीन के खिलाफ तहरीर देने के लिए मृतका के नाना को थाने पर बुलाया गया। थाने पर पहुंचे ग्राम नेकपुर साबितनगर में रहने वाले जहीर ने खुद को शिफा का नाना बताया। थाने पर फूट-फूटकर रोए जहीर लॉकअप के पास पहुंचे और उन्होंने अपने दामाद से कहा कि वो तो सौतेली मां थी तू तो उसका बाप था रे। तूने भी बच्ची पर थप्पड़ बरसाए, तेरा कलेजा नहीं फटा बिन मां की बेटी को पिटते देख। एसीपी ने बताया कि पूछताछ में आरोपी अकरम ने बताया कि वह बाजार में चप्पल, जूतों की फेरी लगाता है। उसकी पत्नी आये दिन बच्चों से मारपीट करती थी। विरोध करने पर वह धमकी देती थी कि अगर बच्चों का साथ दिया तो वह उसे छोड़कर चली जाएगी।

**बस गंदे कपड़े धोने पड़ेंगे, इसीलिए मार डाला :** मासूम मुस्कुराहट बांटकर अक्सर नन्हीं परी मां के आंचल में छिप जाती हैं। लेकिन शिफा के लिए मां का आंचल नहीं उसकी कब्र साबित हुआ। इस अभागी का बस इतना सा कुसूर था कि घर के बाहर खेलते हुए उसका पैर नाली में गिर गया, जिससे उसके कपड़े गंदे हो गए। कपड़े गंदे देखकर उसकी सौतेली मां आपा खो बैठी और कसाई बन गई। गंदे कपड़े धोने पड़ेंगे बस इसीलिए बच्ची को मार डाला।

**साहब एक्सीडेंट हो गया था:** बच्ची के मरने का दोनों ने दो दिनों तक इंतजार किया। जब बच्ची की आंखों की पुतली चढ़ गई और शरीर सर्द होने लगा, उसके बाद उसे बाइक पर बैठाया और एक चिकित्सक के यहां ले जाने लगे।

## कमरे में दंपती और उनके 4 साल के बेटे का मिला शव

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 14 जनवरी।**

मुजेसर थाना इलाके की सरूरपुर कॉलोनी की गली नंबर 8 के मकान में बने कमरे में दंपती और उनके 4 साल के बेटे का शव मिला। मृतक रमेश के बड़े भाई ने सूचना मकान मालिक को दी तो मामला मंगलवार शाम पुलिस तक पहुंचा। पुलिस ने मौके पर पहुंच मृतक रमेश (21), उसकी पत्नी ममता (27) और 4 साल के बच्चे का शव यहां से मोर्चरी पहुंचाया। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि मृतकों के शरीर पर चोट का कोई निशान शुरूआती जांच में नहीं दिखा है। पोस्टमार्टम के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि मौत कैसे हुई है। पुलिस को कमरे से एक अंगीठी भी मिली है लेकिन राजेश का कहना है कि रात को उन्होंने अंगीठी जलाई ही नहीं थी।

## ठंड ने थामी रफ्तार, 4 डिग्री पर पहुंचा न्यूनतम तापमान



» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 14 जनवरी।**

मंगलवार की सुबह फरीदाबाद के लिए इस सीजन की अब तक की सबसे ठंडी सुबह साबित हुई। न्यूनतम तापमान गिरकर 4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे ठंड ने जिले की रफ्तार थाम ली। शहर में आसमान साफ रहा लेकिन ग्रामीण और खुले इलाकों में घने कोहरे ने हालात मुश्किल कर दिए। सर्द हवाओं के चलते लोग रैन बसेरों और अलाव का सहारा लेते नजर आए। इसी बीच ठंड के साथ-साथ प्रदूषण का संकट भी गहराता जा रहा है। मंगलवार को जिले का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 250 के आसपास बना रहा, जो खराब श्रेणी में आता है। सुबह के समय तिगांव, पाली, दयालपुर, बड़खल, मोहना समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में कोहरा छाया रहा। खेतों और ग्रामीण सड़कों पर दृश्यता कम होने से दूध सप्लाई, सब्जी ढुलाई और दफ्तर जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं एनआईटी, ओल्ड फरीदाबाद और बल्लभगढ़ जैसे शहरी इलाकों में कोहरा तो नहीं रहा लेकिन तेज ठंडी हवा ने लोगों को कंपकंपाने पर मजबूर कर दिया। मौसम विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र के अनुसार उत्तर-पश्चिमी शुष्क हवाओं के कारण ठंड बढ़ी है। शहर में घना कोहरा बनने की संभावना कम है, लेकिन खुले और ग्रामीण इलाकों में सुबह-शाम हल्का से मध्यम कोहरा बना रह सकता है। मौसम विभाग के सात दिवसीय पूर्वानुमान के मुताबिक 18 जनवरी तक ठंड का असर बना रहेगा। 14 और 15 जनवरी को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। 16 जनवरी से आंशिक बादल छा सकते हैं जिससे रात के तापमान में हल्की बढ़ोतरी होगी लेकिन दिन की ठंड से खास राहत नहीं मिलेगी।

# विधवा बहू को है अपने ससुर की संपत्ति से भरण-पोषण का हक

### सुप्रीम कोर्ट ने मनुस्मृति का हवाला देते हुए सुनाया अहम फैसला

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जनवरी।**



सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक अहम फैसले में मनुस्मृति का उल्लेख करते हुए विधवा बहू को राहत दी है। कोर्ट ने कहा कि मनुस्मृति में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि माता, पिता, पत्नी और पुत्र को कभी नहीं छोड़ना चाहिए और ऐसा करने वाले व्यक्ति को दंडित किया जाना चाहिए। इसी सिद्धांत के आधार पर कोर्ट ने माना कि विधवा बहू को अपने ससुर की संपत्ति से भरण-पोषण का हक है। मामला यह था कि यदि बहू ससुर के जीवनकाल में ही विधवा हो जाती है तो उसे भरण-पोषण मिल सकता है, लेकिन यदि ससुर की मृत्यु के बाद वह विधवा होती है तो क्या उसे यह अधिकार मिलेगा? मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक याचिकाकर्ता की ओर से तर्क दिया गया था कि ससुर की मृत्यु के बाद विधवा बहू को भरण-पोषण का कोई हक नहीं है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने इस तर्क को पूरी तरह खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि पति की मृत्यु के समय के आधार पर विधवा बहुओं के बीच भेदभाव करना पूरी तरह से तर्कहीन और असंवैधानिक है। दोनों ही परिस्थितियों में चाहे बहू ससुर के जीवन में विधवा हुई हो या उनकी मृत्यु के बाद उसे भरण-पोषण का पूरा अधिकार है।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह प्रावधान मृतक हिंदू के निर्भर व्यक्तियों के भरण-पोषण की व्यवस्था करता है। मृतक की संपत्ति से उसके सभी वारिसों पर यह दायित्व बनता है कि वे निर्भर व्यक्तियों, जिनमें विधवा बहू भी शामिल है उसका भरण-पोषण करें। पीठ ने कहा कि पुत्र या कानूनी वारिस मृतक द्वारा कानूनी एवं नैतिक रूप से भरण-पोषण की जिम्मेदारी वाले सभी निर्भर व्यक्तियों को संपत्ति से सहायता देने के लिए बाध्य हैं इसलिए पुत्र की मृत्यु पर ससुर की धार्मिक एवं नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वह अपनी विधवा बहू का भरण-पोषण करे। बशर्ते विधवा बहू स्वयं या मृत पुत्र द्वारा छोड़ी गई संपत्ति से अपना गुजारा नहीं कर सकती।

कोर्ट ने कहा कि अधिनियम इस जिम्मेदारी को किसी भी तरह से सीमित या समाप्त नहीं करता, चाहे बहू ससुर के जीवनकाल में विधवा हुई हो या उनकी मृत्यु के बाद। विधवा बहू को भरण-पोषण से वंचित करना, कानून की संकीर्ण या तकनीकी व्याख्या के आधार पर उसे गरीबी, असहायता और सामाजिक हाशिए पर धकेल देगा।

## स्कूटी में टक्कर मारकर व्यापारी से छीना रुपयों का बैग

» **खोड़ा, यूटर्न/ 14 जनवरी।**

थानाक्षेत्र में संचालित जयंती गजक भंडार के मालिक राजीव गुप्ता की स्कूटी में टक्कर मारकर अज्ञात लोगों ने रुपयों का बैग छीन लिया। वारदात 10 जनवरी की रात तब हुई जब वह दुकान से घर लौट रहे थे। 12 जनवरी की रात पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।



दर्ज मामले में राजीव गुप्ता ने बताया कि 10 जनवरी की रात वह पत्नी पूनम के साथ दुकान बंद करके अपने घर प्रकाश नगर गली नंबर चार लौट रहे थे। रास्ते में अचानक एक बाइक ने सामने से उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। स्कूटी के साथ वह भी नीचे गिर गए। तभी पीछे से दूसरी बाइक पर दो लोग पहुंचे और रुपयों का बैग छीनकर दिल्ली की तरफ भाग गए। उन्होंने बताया कि बैग में उनके दिनभर की कमाई रखी थी। उन्होंने पुलिस से शिकायत की। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई है। फुटेज में वारदात की पुष्टि होने के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# अखलाक हत्याकांड मामले में अब सुनवाई 22 जनवरी को, आरोपियों ने मांगा समय

» **ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 14 जनवरी।**

बहुचर्चित अखलाक हत्याकांड मामले में एक बार फिर सुनवाई टल गई है। आरोपियों द्वारा दायर की गई केस ट्रांसफर याचिका पर बहस होनी थी, लेकिन आरोपियों के अधिवक्ता ने कुछ अतिरिक्त दस्तावेज अदालत में जमा करने के लिए और समय मांगा, जबकि पीड़ित पक्ष की ओर से अखलाक के अधिवक्ता यूसुफ सैफी बहस के लिए पूरी तरह तैयार थे।

इस पर अदालत ने कड़ा रुख अपनाते हुए आरोपियों के वकील को स्पष्ट कर दिया कि अब उन्हें अंतिम अवसर दिया जा रहा है और अगली सुनवाई की तारीख 22 जनवरी तय की गई है। बताया जा रहा है कि अब 22 जनवरी को ही स्थानांतरण याचिका (टीए) पर अंतिम रूप से सुनवाई होगी। इस सुनवाई के बाद यह तय किया जाएगा कि अखलाक हत्याकांड का मुकदमा वर्तमान में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सौरभ द्विवेदी की फास्ट ट्रैक कोर्ट (एफटीसी) में ही चलेगा या फिर इसे किसी अन्य अदालत में स्थानांतरित किया जाएगा। इस मामले की सुनवाई को लेकर लंबे समय से असमंजस की स्थिति बनी हुई है, जिससे पीड़ित पक्ष में नाराजगी भी देखने को मिल रही है।



बता दें कि आरोपियों के अधिवक्ता की ओर से 8 जनवरी को फास्ट ट्रैक कोर्ट से किसी अन्य अदालत में मुकदमा स्थानांतरित करने के लिए याचिका दाखिल की गई थी। यह स्थानांतरण याचिका छह आरोपियों-विनय, शिवम, सौरभ, संदीप, गौरव और हरिओम-की ओर से दायर की गई है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि पुलिस ने उनके खिलाफ झूठे आरोप लगाए हैं और उन्हें साजिश के तहत इस मामले में फंसाया गया है। याचिका में यह भी उल्लेख किया गया है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्दोष लोगों के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में एफटीसी अदालत में धारा 321 सीआरपीसी के तहत मुकदमा वापस लेने का आवेदन भी दाखिल किया गया था। हालांकि, अदालत ने सुनवाई के बाद इस आवेदन को खारिज कर दिया। आरोपियों का कहना है कि एफटीसी अदालत ने उनका पक्ष सुने बिना केवल पीड़ित पक्ष की दलीलों के आधार पर ही आवेदन को खारिज कर दिया, जो न्यायसंगत नहीं है। वहीं, पीड़ित पक्ष का कहना है कि आरोपी जानबूझकर सुनवाई को टालने की कोशिश कर रहे हैं ताकि मामले में देरी हो सके। उनका यह भी आरोप है कि बार-बार समय मांगकर न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित किया जा रहा है।



## श्वेता त्रिपाठी ने बताया कैसे गोलू गुप्ता ने बदली उनकी किस्मत, कहा- मैं हमेशा आभारी रहूंगी

अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी ने मिजार्पुरः द मूवी की मुंबई शेड्यूल की शूटिंग पूरी की। इस बीच अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी ने आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में कहा कि फिल्म उनके लिए बेहद खास है। उनके किरदार गोलू गुप्ता ने उन्हें सिर्फ पहचान ही नहीं दी, बल्कि अंदर की ताकत और साहस भी दिया है। श्वेता के लिए यह किरदार उनके करियर का एक ऐसा मोड़ है, जिसने दर्शकों की उनकी सोच और उनके लिए उपलब्ध कहानियों को पूरी तरह बदल दिया है। उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, फिल्म की शूटिंग पूरी करना मेरे लिए एक भावनात्मक अनुभव रहा। गोलू गुप्ता का किरदार हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगा और इसके लिए मैं हमेशा आभारी रहूंगी। मेरा मानना है कि इस किरदार ने मुझे न केवल एक्टिंग में नई चुनौतियां दी हैं, बल्कि मुझे यह भी सिखाया कि कैसे एक महिला किरदार को पूरी गंभीरता और ताकत के साथ पर्दे पर पेश किया जा सकता है। उन्होंने कहा, मिजार्पुर को बड़े पर्दे पर लाना रोमांचक भरा अनुभव रहा। इस कहानी और इन किरदारों के लिए दर्शकों का प्यार बहुत गहरा है। शूटिंग के दौरान अपनी पुरानी टीम से फिर से मिलना, खासकर अली फजल से, जो मेरे लिए एक परिवार की तरह है, अच्छा लगा। गोलू के किरदार में वापस उतरना ऐसा था जैसे पुराने घर में नए अंदाज और नई ऊर्जा के साथ लौटना। मैं बेसब्री से इंतजार कर रही हूं कि दर्शक सिनेमाघरों में इस नए अध्याय का आनंद लें।

## सपनों को किसी भी सीमा में बांधना गलतः अदा शर्मा

बॉलीवुड अभिनेत्री अदा शर्मा का मानना है कि सपनों को किसी भी तरह की सीमा में बांधना गलत है। इसी सोच के साथ वे एक अलग और खुला एक्टिंग फॉमूर्ला अपनाती हैं, जहां वे सिर्फ अच्छे रोल्स पर फोकस करती हैं। अभिनेत्री ने अपने करियर और सपनों को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि वह अपने ड्रीम को किसी भी तरह की लिमिट में नहीं बांधना चाहतीं। अदा का मानना है कि अगर कोई एक्टर खुद को किसी खास डायरेक्टर या स्टाइल तक सीमित कर ले, तो यह बहुत प्रतिबंधक हो जाता है। अदा ने कहा, मेरा ड्रीम ईमानदारी से यही है कि मैं अच्छी फिल्में करूं और अच्छे रोल्स निभा पाऊं। अगर मैं ये तय कर लूं कि मैं सिर्फ इन-इन डायरेक्टर्स के साथ काम करूंगी, तो यह खुद को सीमा में बांधना होगा। मैं उन सबके साथ काम करना चाहती हूं, जिसके पास भी मेरे लिए अच्छा रोल हो। उन्होंने सुदीप्तो सेन का उदाहरण देते हुए कहा, अगर मेरा ड्रीम होता कि मैं किसी खास डायरेक्टर के साथ ही काम करूंगी, तो द केरल स्टोरी कभी नहीं होती। सुदीप्तो सेन की वो पहली बड़ी फिल्म थी, मैं उन्हें जानती भी नहीं थी। तो मेरा ड्रीम था ही नहीं कि मैं उनके साथ काम करूं, क्योंकि मुझे उनके बारे में पता ही नहीं था। ड्रीम करके हम खुद को बहुत लिमिट कर लेते हैं। मैं चाहती हूं कि यूनिवर्स फैसला करे कि मैं क्या करूं, किनके साथ करूं। मेरी इच्छा बस इतनी है कि मैं अच्छे रोल्स करूं, जो ऑडियंस को पसंद आएं और मुझे करने में मजा आए। अदा ने बताया कि दर्शक उन्हें हर तरह के किरदार में स्वीकार करते हैं, जो उनके लिए बहुत बड़ी बात है।



## ब्रैंडन किंग की कपतानी में अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में उतरेगी वेस्टइंडीज



**जमैका, यूटर्न/14 जनवरी।** वेस्टइंडीज ने अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए वाले ब्रैंडन किंग की कप्तानी में अपनी टीम घोषित कर दी है। इस टीम में युवा क्वेंटिन सैम्पसन को पहली बार शामिल किया गया है। ये सीरीज 9 से 22 जनवरी तक दुबई में खेली जाएगी। नियमित कप्तान शाई होप के नहीं होने से ब्रैंडन को कप्तानी मिली है। होप अभी एस20 में व्यसत हैं। होप के अलावा रोस्टन चेज, अकील हुसैन और शेरफेन रदरफोर्ड भी टीम में नहीं हैं। 25 वर्षीय गयाना अमेजन वॉरियर्स के बल्लेबाज सैम्पसन कैरेबियन प्रीमियर लीग 2025 के बेहतरीन खिलाडियों में से एक थे, उन्होंने नौ मैचों में 151.57 के स्ट्राइक रेट से 241 रन बनाए थे। शमर जोसेफ और एविन लुईस भी टीम में वापस आ गए हैं, पिछली सीरीज में लगी चोटों से उबरने के बाद उन्हें खेलने की मंजूरी मिल गई है।

अल्जारी जोसेफ, जो पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण भारत में टेस्ट सीरीज से बाहर थे, उन्हें रिहैबिलिटेशन में प्रगति के बावजूद टीम में शामिल नहीं किया गया है। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने कहा कि यह फैसला मेडिकल जांच के बाद लिया गया है, तेज गेंदबाज को टी20 विश्व कप के लिए संभावित चयन से पहले निगरानी में रखा जाएगा। वहीं काम का बोझ कम करने के लिए वकर्लोड मैनेजमेंट के तहत रोवमैन पॉवेल को जेसन होल्डर और रोमारियो शेफर्ड के साथ सीरीज से आराम दिया गया है। मुख्य कोच डैरेन सैमी ने कहा कि अफगानिस्तान सीरीज भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**टी20 सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम :** ब्रैंडन किंग (कप्तान), एलिक अथानाजे, केसी काटर, जॉनसन चार्ल्स, मैथ्यू फोर्डे, जस्टिन ग्रीव्स, शिमरोन हेटमायर, आमिर जांगू, शमर जोसेफ, एविन लुईस, गुडाकेश मोती, खैरी पियरे, क्वेंटिन सैम्पसन, जेडन सील्स, रेमन सिमंड्स, शमर स्प्रिंगर।


## पूर्व पाक क्रिकेटर अजमल ने आईसीसी पर निशाना साधा

### बीसीसीआई के दबाव में फैसले लेने का आरोप लगाया

» **कराची, यूटर्न/ 14 जनवरी।**

पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर सईद अजमल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पर जमकर निशाना साधा है। अजमल ने कहा है कि अगर आईसीसी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के दबाव में फैसले लेती है तो उसका रहने का कोई मतलब नहीं है। अजमल ने कहा, ह्यअगर आईसीसी विश्व क्रिकेट के हित में निष्पक्ष तरीके से फैसला नहीं कर सकती है तो उसे अपना कामकाज बंद कर देना चाहिए। अजमल ने कहा कि आज अधिकतर टेस्ट खेलने वाले देशों का मानना है कि विश्व क्रिकेट में भारतीय बोर्ड का दबदबा है और आईसीसी भी उसकी बात नहीं टाल पाता पर कोई भी खुलकर ये बात नहीं कहता है। उन्होंने कहा कि भारत का आईसीसी प्रतियोगिताओं में भी पाकिस्तान में खेलने से इनकार करना साबित करता है कि उसपर विश्व संस्था का कोई दबाव नहीं चल पाता है। आईसीसी एक प्रकार से बीसीसीसीआई के आधीन नजर आता है। अजमल के अनुसा भारतीय टीम बिता किसी ठोस कारण के पाकिस्तान में खेलने से इंकार कर देती है और आईसीसी इसे मान लेती है। इसका एक कारण ये भी है कि अब इसमें आईसीसी चेयरमैन सहित अधिकतर भारतीय शामिल हैं। गौरतलब है कि भारतीय टीम सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान की यात्रा नहीं करती है। भारत सरकार का मानना है कि जब तक पाक आतंक वाद को समर्थन देता रहेगा उससे खेला नहीं जा सकता है। केवल आईसीसी टूनार्मेंटों में ही भारतीय टीम पाक से खेलती है। इससे पहले भी पाक के कई क्रिकेटरों ने भारतीय टीम के पाकिस्तान दौरे पर नहीं आने की आलोचना करते हुए कहा है कि खेल को राजनीति से अलग रखा जाना चाहिये।





## पति ने गिफ्ट में दिया तलाक का नोटिस, बच्चों से कर दिया दूर, सेलिना जेटली ने बयां किए दर्द

अभिनेत्री सेलिना जेटली इस वक्त बुरे दौर से गुजर रही हैं। अपने दर्द को बयां करने के लिए उन्होंने सोशल मीडिया का सहारा लिया। पोस्ट में उन्होंने बताया कि उन्हें पति ने एनिवर्सरी पर ही गिफ्ट में तलाक का नोटिस दे दिया और बच्चों से दूर कर दिया गया। वह पड़ोसियों की मदद से रात 1 बजे ऑस्ट्रिया से बाहर निकली थीं।

सेलिना जेटली ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इमोशनल पोस्ट करते हुए अपनी जिंदगी के दर्दनाक अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया, दुर्व्यवहार और उत्पीड़न से बचने के लिए उन्होंने 11 अक्टूबर 2025 की रात को ऑस्ट्रिया छोड़ दिया था। इस फैसले के साथ ही उन्हें अपने तीन बच्चों से अलग होना पड़ा, जिससे उनका दिल टूट गया। सेलिना ने लिखा, जिस दिन मैंने अपनी इज्जत, अपने बच्चों और अपने भाई की रक्षा के लिए ऑस्ट्रिया छोड़ने का फैसला किया, उसी दिन मैंने अपने बच्चों को खो दिया। यह पोस्ट उन सभी लोगों के लिए है जो अपमानजनक शादियों से गुजर रहे हैं। वे अकेले नहीं हैं।

सेलिना ने बताया कि रात 1 बजे पड़ोसियों की मदद से वे ऑस्ट्रिया से निकलीं और बहुत कम पैसे के साथ भारत लौटीं। भारत पहुंचकर उन्हें अपने ही घर में प्रवेश के लिए कोर्ट जाना पड़ा। यह प्रॉपर्टी उन्होंने साल 2004 में शादी से पहले खरीदी थी, लेकिन अब उनके पति इसे अपना बता रहे हैं। इस लड़ाई के लिए उन्हें बड़ा लोन भी लेना पड़ा। ज्वाइंट कस्टडी और ऑस्ट्रियाई फैमिली कोर्ट के मौजूदा आदेश के बावजूद, उन्हें अभी तक अपने बच्चों से बात करने की इजाजत नहीं मिली है। अभिनेत्री का कहना है कि बच्चों को उनसे मिलने से बार-बार रोका गया। मीडिया के जरिए चुनिंदा कहानियां दिखाकर बच्चों के साथ उनकी बातचीत में रुकावट डाली गई। उन्हें मां के खिलाफ बातें कहने के लिए ब्रेनवाश किया गया और डराया-धमकाया गया। सेलिना ने याद दिलाया कि वह बच्चों की जन्म से लेकर प्राइमरी केयरटेकर रही हैं। यहां तक की पति के करियर को सपोर्ट करने के लिए एक देश से दूसरे देश जाती रहीं। यही नहीं, साल 2025 में उनके पति ने 15वे वेडिंग एनवर्सरी गिफ्ट के तौर पर तलाक का नोटिस भेजा। इसके बाद सेलिना ने कई बार आपसी सहमति से अलग होने की कोशिश की और हमेशा बच्चों की भलाई को प्राथमिकता दी। लेकिन जवाब में उनसे उनकी शादी से पहले की प्रॉपर्टी मांगी गई और ऐसी शर्तें रखी गईं, जिनका मकसद तलाक के बाद भी उनकी आजादी और इज्जत छीनना था। सेलिना ने लिखा, रातों-रात मुझे एक मां और अभिभावक के तौर पर अपनी भूमिका साबित करनी पड़ी। मेरी पूरी दुनिया एक ही पल में मुझसे छीन ली गई।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## फटाफट खबरें

### थाईलैंड में निर्माणाधीन रेलवे साइट पर क्रेन दुर्घटना में 10 लोगों की मौत

**बैंकॉक, यूटर्न/ 14 जनवरी।** थाईलैंड के नाखोन रत्चासिमा प्रांत के सिखियो जिले में एक हाई-स्पीड रेल परियोजना साइट पर क्रेन दुर्घटना में बुधवार सुबह कम से कम 10 लोगों की मौत हो गयी। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार रेलवे के काम में लगी एक बड़ी क्रेन आज सुबह नीचे गिर गई और वहां से गुजर रही एक ट्रेन से टकरा गई। इसके बाद ट्रेन के डिब्बों में आग लग गयी और वह पटरी से उतर गयी। शुरुआती रिपोर्टों में बताया गया है कि इस घटना में कम से कम 10 लोग मारे गए और कई अन्य लोग घायल हुए हैं।

### ब्रिटेन ईरान के खिलाफ प्रतिबंध लगाने के लिए लाएगा कानून

**लंदन, यूटर्न/ 14 जनवरी।** ब्रिटेन ईरान के खिलाफ प्रतिबंध और क्षेत्रीय उपाय लागू करने के लिए कानून लाएगा। संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स में बोलते हुए विदेश मंत्री सचिव यवेट कूपर ने कहा, आगे के उपायों में वित्त, ऊर्जा, परिवहन, सॉफ्टवेयर और दूसरे महत्वपूर्ण उद्योगों को लक्षित किया जाएगा। ईरान की अर्ध सरकारी तस्नीम न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के विदेश मंत्रालय ने ईरान में हो रहे विरोध प्रदर्शनों का समर्थन करने को लेकर सोमवार को ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस और इटली के राजदूतों को तलब किया। बैठक के दौरान ईरानी अधिकारियों ने राजदूतों को दंगाइयों द्वारा की गई हिंसक गतिविधियों के वीडियो सबूत दिखाये और कहा कि ये कार्रवाई शांतिपूर्ण प्रदर्शनों से कहीं ज्यादा है। गौरतलब है कि पिछले महीने के आखिर में पूरे ईरान में विरोध प्रदर्शन शुरू हो रहे हैं।

### न्यूयॉर्क शहर के बड़े अस्पतालों में 15,000 नर्सें हड़ताल पर

**न्यूयॉर्क, यूटर्न/ 14 जनवरी।** न्यूयॉर्क शहर के कई बड़े अस्पतालों में नए अनुबंध पर बातचीत असफल हो जाने से लगभग 15,000 नर्सों की हड़ताल सोमवार को पहले दिन में प्रवेश कर गई। कोलंबिया ब्रॉडकास्टिंग सिस्टम न्यूज (सीबीएस) ने यह जानकारी दी। हड़ताल सोमवार को सुबह पांच निजी अस्पतालों में शुरू हुई, जिसमें माउंट सिनाई, माउंट सिनाई मॉर्निंगसाइड, माउंट सिनाई वेस्ट और मैनहट्टन में न्यूयॉर्क-प्रेस्बिटेरियन सुविधाएं शामिल हैं। मरीजों के परिवारों ने कहा कि नियमित नर्सिंग कर्मचारियों की गैरमौजूदगी से देखभाल की निरंतरता और गुणवत्ता को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। श्री चार्ली ब्रावो ने हालात पर टिप्पणी करते हुए कहा कि उनकी बहन माउंट सिनाई वेस्ट में भर्ती हैं और मौजूदा स्थिति ने उन्हें बेचैन कर दिया है। उन्होंने कहा, उन्हें निश्चित रूप से नर्सों की जरूरत है। यह हड़ताल जल्द खत्म होनी चाहिये। यह सवाल भी उठाया गया है कि हड़ताली नर्सों की जगह कौन ले रहा है। ग्रेटर न्यूयॉर्क हॉस्पिटल एसोसिएशन ने कहा कि अस्पतालों ने हड़ताल के दौरान कामकाज चलाने के लिए अस्थायी तौर पर नर्सों को सेवा के लिए लिया है। कर्मचारियों के सेवा-समय में बदलाव किया गया है। मरीजों की छुट्टी की प्रक्रिया तेज की है और कुछ तय प्रक्रियाओं को बदला गया है।

## फोटो स्टोरी




मिनापोलिस में फेडरल एजेंट एक महिला को लेकर जाते हुए, अभी कुछ दिन पहले ही आईसीई एजेंटों ने रिनी निकोल गुड को गोली मार दी थी।

### गाज़ा में टूटा सीजफायर, इजरायल ने आतंकी गतिविधि के बाद चलाया ऑपरेशन, कई ढेर

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जनवरी।** इजरायल और हमास के बीच गाजा में सीजफायर टूटता हुआ नजर आ रहा है। इजरायल के डिफेंस फोर्स की ओर से जानकारी दी गई है कि दक्षिणी गाजा में कुछ आतंकी गतिविधि देखी गई, जिसके बाद फायरिंग और हवाई हमले हुए। आईडीएफ ने कई आतंकियों को ढेर कर दिया। कुछ समय पहले, आईडीएफ फील्ड ऑब्जर्वर ने दक्षिणी गाजा में तैनात इजरायली सैनिकों के पास, पश्चिमी राफा इलाके में छह हथियारबंद आतंकवादियों की पहचान की। पहचान के बाद, टैंक मौके पर पहुंचे और आतंकवादियों पर फायरिंग की। आतंकवादियों ने एक टैंक में सवार सैनिकों पर फायरिंग की, और फिर गोलीबारी शुरू हो गई, जिसमें इलाके में टारगेटेड हवाई हमले भी शामिल थे। यह सीजफायर समझौते का खुला उल्लंघन है। इजरायली मीडिया के अनुसार, आईडीएफ ने कहा कि कल पश्चिमी राफा में हुई झड़प के दौरान पहचान गए सभी छह बंदूकधारी गोलीबारी में मारे गए।

# विदेश सचिव और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की उप मंत्री के बीच अहम मुलाकात

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जनवरी।**



भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के अंतरराष्ट्रीय विभाग (आईडीसीपीसी) की उप मंत्री सुन हाईयान से मुलाकात की। सुन हाईयान 12 से 14 जनवरी तक भारत के दौरे पर हैं। बैठक के दौरान भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर करने और उन्हें दोबारा मजबूत करने में हुई प्रगति की समीक्षा की गई। बातचीत में व्यापार, व्यवसाय और जन-केंद्रित संपर्कों को प्राथमिकता देते हुए नए साल में द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा हुई।

इस अवसर पर चीनी पक्ष ने भारत को इस वर्ष ब्रिक्स (ब्रिक्स) की अध्यक्षता संभालने पर बधाई दी और भारत में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए पूर्ण समर्थन व्यक्त किया। सुन हाईयान ने अपने भारत दौरे के अनुभव साझा किए, जिनमें भारतीय मीडिया, थिंक टैंक और राजनीतिक दलों के साथ हुई उनकी बातचीत शामिल रही। उन्होंने विदेश सचिव को बताया कि चीनी पक्ष विदेश मंत्रालय और आईडीसीपीसी के बीच चल रहे कार्यक्रम के तहत आपसी आदान-प्रदान को और बढ़ाने का इच्छुक है। विदेश सचिव ने दोनों देशों के लोगों के बीच आपसी समझ बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि द्विपक्षीय संबंधों के पुनर्निर्माण के लिए सकारात्मक माहौल तैयार करना बेहद जरूरी है। बैठक के अंत में दोनों पक्षों ने अपने शीर्ष नेतृत्व द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण निर्देशों को लागू करने और भारत-चीन संबंधों को सामान्यीकरण (नॉर्मलाइजेशन) की राह पर आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई।



### बांग्लादेश में चुनाव से पहले सीट शेयरिंग पर जमात के नेतृत्व वाले गठबंधन में आई दरार

**ढाका, यूटर्न/ 14 जनवरी।** बांग्लादेश में 12 फरवरी को होने वाले आम चुनावों की तैयारी के बीच जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले गठबंधन में जारी तनाव उजागर हो रहा है। स्थानीय मीडिया की ओर से बुधवार को दी गई जानकारी के अनुसार, गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर मतभेद बढ़ते जा रहे हैं, जबकि इस समझौते को अंतिम रूप देने की डेडलाइन तय हो चुकी है। बांग्लादेशी अखबार प्रोथोम आलो ने सूत्रों के हवाले से बताया कि 11 में से आठ गठबंधन साझेदार जमात के साथ सीट शेयरिंग समझौते पर पहुंच गए हैं, जबकि इस्लामी आंदोलन बांग्लादेश और बांग्लादेश खिलाफत मजलिस अभी भी तय नहीं कर पाए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी के कई अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि इस्लामी आंदोलन, जो सीट शेयरिंग समझौते पर बातचीत कर रहा है, शुरू में सौ से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ना चाहता था। बातचीत के बाद, पार्टी ने धीरे-धीरे सीटों की अपनी मांग कम कर दी है, और उसकी ताजा स्थिति 50 से ज्यादा सीटों पर है। हालांकि, जमात के 40 सीटों के ऑफर से इस्लामी आंदोलन में नाराजगी पैदा हो गई।

# ट्रंप की ईरान को दो टूक; कूटनीति खत्म

## नए टैरिफ लागू और प्रदर्शनकारियों का किया समर्थन

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 14 जनवरी।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को लेकर बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने ईरानी अधिकारियों के साथ होने वाली सभी बैठकों को रद्द कर दिया है, ईरान से जुड़े कारोबार पर नए टैरिफ लागू कर दिए हैं और ईरान में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों से आंदोलन जारी रखने की अपील की है।

ट्रंप का कहना है कि यह फैसला ईरान में प्रदर्शनकारियों पर हो रही हिंसा के कारण लिया गया है। डेट्रॉइट इकोनॉमिक क्लब में अपने भाषण में ट्रंप ने कहा, जब तक प्रदर्शनकारियों की बेमतलब हत्याएं बंद नहीं होतीं, मैंने ईरानी अधिकारियों के साथ सभी बैठकें रद्द कर दी हैं। उन्होंने कहा कि ईरान में जो हो रहा है, वह अस्वीकार्य है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को जवाब देना होगा।

राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरानी देशभक्तों को संबोधित करते हुए उनसे आंदोलन जारी रखने को कहा। उन्होंने कहा, सभी ईरानी देशभक्तों से मेरी अपील है कि प्रदर्शन करते रहिए। अगर संभव हो तो अपनी संस्थाओं पर नियंत्रण हासिल कीजिए। ट्रंप ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि दोषियों को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। ईरान में मौतों के आंकड़ों पर ट्रंप ने कहा कि अलग-अलग रिपोर्ट्स सामने आ रही हैं। मुझे पांच तरह के आंकड़े सुनने को मिल रहे हैं, लेकिन एक



मौत भी बहुत ज्यादा है। जवाबदेही तय होगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

आर्थिक मोर्चे पर ट्रंप ने बताया कि ईरान पर नया दबाव तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। उन्होंने कहा, आपने देखा कि मैंने ईरान के साथ कारोबार करने वाले हर व्यक्ति और देश पर टैरिफ लगा दिए हैं। यह आज से लागू हो गया है। ट्रंप ने टैरिफ को अपनी विदेश नीति का मुख्य हथियार बताया और कहा कि इसका मकसद ईरान को आर्थिक रूप से अलग-थलग करना है।

ट्रंप ने मेक ईरान ग्रेट अगेन जैसे शब्दों का इस्तेमाल करते हुए ईरान के मौजूदा नेतृत्व की आलोचना की। उन्होंने कहा कि ईरान एक महान देश है, लेकिन मौजूदा शासकों ने उसे नुकसान पहुंचाया है।

### ट्रंप का दावा: वेनेजुएला में अमेरिकी दखल से कम हुईं ईंधन की कीमतें, अर्थव्यवस्था को मिली मजबूती

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी ऊर्जा, अर्थव्यवस्था और सुरक्षा नीति पर बात करते हुए वेनेजुएला का ज़िक्र किया। उन्होंने कहा कि हाल में अमेरिका ने वेनेजुएला से जुड़े जो कदम उठाए हैं, उनसे ईंधन के दाम घटाने में मदद मिल रही है और आर्थिक विकास को सहारा मिल रहा है। डेट्रॉइट इकनॉमिक क्लब में भाषण देते हुए ट्रंप ने कहा कि वेनेजुएला को लेकर अमेरिका की कार्रवाई सफल रही है और अब इससे ऊर्जा की आपूर्ति बढ़ रही है। उन्होंने इस कार्रवाई को पूरी तरह सफल बताया। ट्रंप ने कहा, उनके पास 50 मिलियन बैरल तेल है। उन्होंने कहा कि इसे ले लो, यह 5 बिलियन डॉलर का है, और हमने ले लिया। तेल को रिफाइनिंग के लिए यूनाइटेड स्टेट्स लाया जा रहा है और इससे गैसोलीन की कीमतें कम करने में मदद मिलेगी। हम इसे रिफाइन करने के लिए ला रहे हैं। तेल शिप करने के लिए दर्जनों बड़े जहाजों की जरूरत होगी।

## झूठ बोलना ममता बनर्जी की पुरानी आदत, महिलाएं ही करेंगी उनके खिलाफ मतदान: सुकांत मजूमदार

» **कोलकाता, यूटर्न/ 14 जनवरी।**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के हालिया बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय मंत्री और पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने दावा किया कि इस बार राज्य की महिलाएं ममता बनर्जी के खिलाफ वोट करेंगी। सुकांत मजूमदार ने आईएएनएस से कहा कि ममता बनर्जी को झूठ बोलने की आदत बहुत पहले से है। किसी भी तरह से महिलाओं को निशाना बनाने का सवाल



ही नहीं है। महिलाएं ही इस बार ममता बनर्जी के खिलाफ वोट करने जा रही हैं। राज्य की महिलाएं मौजूदा हालात से चिंतित हैं और बदलाव चाहती हैं। भाजपा नेता ने आगे कहा कि महिलाओं को इस बात का डर है कि कहीं पश्चिम बंगाल की स्थिति बांग्लादेश जैसी न हो जाए। उन्होंने दावा किया कि इसी आशंका के चलते महिलाओं ने मन बना लिया है कि वे ममता बनर्जी के खिलाफ मतदान करेंगी। राज्य की जनता, खासकर महिलाएं, अब सच्चाई को समझ रही हैं। सुकांत मजूमदार ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि अनाप-शनाप बोलना ममता बनर्जी की आदत बन चुकी है। इस बार पश्चिम बंगाल की जनता ममता बनर्जी को सबक सिखाने वाली है। लोग अब मौजूदा सरकार से परेशान हो चुके हैं और बदलाव की दिशा में कदम उठाएंगे। दरअसल, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने दावा किया था कि चुनाव आयोग ने एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स का इस्तेमाल कर मतदाता सूची से नाम काटे हैं।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *